# हरिभूमि

मैरी क्रिसमस

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025






!! जय श्रीराम !!
!! जय श्रीराम !!
!! जय श्रीराम !!
परमपिता परमेश्वर की अनंत अनुकंपा से
श्री हनुमंत कथा
एवं दिव्य दरबार
का वृहद आयोजन किया जा रहा है,
व्यासपीठ पर सनातन के ध्वज को
बुलंद करने वाले
युवा हिन्दु हृदय सम्राट, परमपूज्य
पं. श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी
विराजमान होकर अपनी अमृतवाणी से
श्री हनुमंत कथा का
रसपान कराएंगे।
दिव्य दरबार का आयोजन
27 तारीख को दोपहर 12 बजे
से किया जाएगा।
दिनांक : 25 से 29 दिसंबर 2025
समय : दोपहर 2.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक
स्थान : जयंती स्टेडियम ग्राउंड के समीप, भिलाई (छ.ग.)
मो. 94255 55002, 97709 22223,
70004 90740
संयोजक
राकेश पाण्डेय
सेवा समर्पण समिति, दुर्ग
अध्यक्ष -खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, छ.ग.
(कैबिनेट मंत्री दर्जा)
चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष-राइस मिल एसोसिएशन छ.ग.
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता
बसंत अग्रवाल
युवा समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ता



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

मेरी क्रिसमस


समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025








आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹102749/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹125490/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹136984/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


## खबर संक्षेप

### महानदी जल विवाद का होगा समाधान

**भुवनेश्वर।** ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच महानदी जल विवाद के हल के लिए बनी सर्वदलीय उच्च-स्तरीय समिति एक सौहार्द्रपूर्ण समाधान पर सहमत हो गई लेकिन साथ ही उसने कानूनी लड़ाई को कमजोर न करने का भी फैसला किया है। ओडिशा के उपमुख्यमंत्री के. वी. सिंह देव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई पहली बैठक में सभी आठ सदस्य शामिल हुए, जिनमें तीन मंत्री सुरेश पुजारी (राजस्व), पृथ्वीराज हरिचंदन (कानून) और संपद चंद्र स्वैन (उद्योग) और विधायक सरोज कुमार प्रधान (भाजपा), निरंजन पुजारी (बीजद) और सोफिया फिरदौस (कांग्रेस) शामिल थे।

धर्मांतरण व कांकेर मामले में सर्व समाज का बंद, सड़कों पर निकले बंद समर्थक


# छत्तीसगढ़ बंद का बड़ा असर, 2000 करोड़ का कारोबार ठप रहा, कहीं कहीं तोड़फोड़ व विवाद

धर्मांतरण और कांकेर जिले में आदिवासियों पर हुए हमले के विरोध में सर्व समाज द्वारा आहूत बंद का बस्तर संभाग समेत कई जिलों में खासा असर देखने को मिला है। रायपुर, कांकेर समेत सभी शहरों में प्रमुख बाजार और दुकान सुबह से ही पूरी तरह से बंद रहे। कई शहरों में बाजार बंद रहे और आम जनजीवन आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। कहीं कहीं तोड़फोड़ और विवाद के हालात भी बने। कहा जा रहा है कि एक दिन के बंद से राज्य में तकरीबन 2000 करोड़ का कारोबार प्रभावित रहा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर संभाग में धर्मांतरण के विरोध में बंद का व्यापक असर देखा गया। इसके अलावा रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, मुंगेली, कवर्धा, महासमुंद, धमतरी, कोरबा, जांजगीर, रायगढ़, नारायणपुर, पेंड्रा-गौरेला और पखांजूर में सुबह से ही बाज़ार बंद रहे और सड़कें सुनसान रहीं। व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर समर्थन दिया, जबकि आमाबेड़ा और कोंडागांव की घटनाओं से आदिवासी समाज में आक्रोश है। सर्व आदिवासी समाज और हिंदू परिषद ने बाइक रैली निकालकर बंद की अपील की, वहीं हालात को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। ▶▶| शेष पेज 8 पर





### मैग्नेटो मॉल में तोड़फोड़

दुकानें और शॉप बंद कराने निकले कार्यकताओं ने रायपुर स्थित मैग्नेटो मॉल में जमकर हंगामा मचाया। यहां क्रिसमस मनाने के लिए की गई तैयारी और सजावटी सामान फेंक दिया। प्रदर्शनकारियों ने सजावट के खिलाफ जमकर नाराजगी निकालते हुए तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान विवाद की स्थिति बन गई।



### बस अड्डे पर हंगामा

सर्व समाज के कार्यकताओं ने अंतरराज्यीय बस अड्डे पहुंचकर बसों के संचालन पर रोक लगाई। इस दौरान जमकर हंगामा भी हुआ। खबर है कि कुछ बसों में तोड़फोड़ की है। हालांकि अब तक इस पर पुलिस में कोई औपचारिक शिकायत ▶▶| शेष पेज 8 पर



## महाबंद के बीच महिला के घर पर तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ महाबंद के बीच कांकेर के आमाबेड़ा क्षेत्र में एक बार फिर विवाद सामने आया है। जानकारी के अनुसार, धर्म परिवर्तन कर चुकी एक महिला को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बन गई। आरोप है कि महिला के धर्म परिवर्तन को लेकर नाराज ग्रामीणों ने उसका घर तोड़ दिया और विरोध प्रदर्शन किया। बताया जा रहा है कि ग्रामीण महिला पर हिंदू धर्म में वापस आने का दबाव बना रहे थे, लेकिन महिला ने धर्म परिवर्तन से वापस लौटने से साफ इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और मामला ▶▶| शेष पेज 8 पर




*महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव में करारी हार के बाद विपक्षी पार्टियां बीएमसी चुनाव को लेकर एक्टिव मोड में आ गई हैं। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने बीएमसी समेत महाराष्ट्र के कुल 29 नगर निगम चुनावों के लिए हाथ मिला लिया है। ठाकरे बंधु (उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे) मुंबई में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दोनों दलों के बीच गठबंधन का औपचारिक ऐलान किया।*

**20 साल बाद फिर 'एक' हुए ठाकरे ब्रदर्स**

# 'हम दिल्ली में बैठे दो लोगों को रोकने के लिए साथ आए हैं'

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उद्धव ने कहा कि महाराष्ट्र का नेतृत्व केवल ठाकरे ही कर सकते हैं। उन्होंने महाराष्ट्र आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि हमें 107 लोगों की शहादत के बाद महाराष्ट्र मिला। जो लोग पहले महाराष्ट्र चाहते थे, वही लोग अब नए प्रयास शुरू कर रहे हैं। हम दिल्ली में बैठे दो लोगों को रोकने आए हैं। हम एकसाथ रहने के लिए साथ आए हैं। हमारी सोच एक है। इससे पहले, ठाकरे ब्रदर्स मुंबई के शिवाजी पार्क पहुंचे. उद्धव के साथ उनके पुत्र आदित्य ठाकरे और राज ठाकरे के साथ उनके पुत्र अमित ठाकरे भी थे। ठाकरे परिवार एक साथ शिवाजी पार्क पहुंचा था।

**इधर, कांग्रेस बोली- हम एमवीए के साथ, एमएनएस नामंजूर**

**उद्धव-राज बोले- दिल्ली में बैठे लोग मुंबई को तोड़ रहे**



**महायुति पूरी तरह छूटी :** शिवसेना (यूबीटी) प्रवक्ता प्रियंका चतुर्वेदी ने ठाकरे ब्रदर्स के राजनीति के लिए साथ आने पर उठ रहे सवाल खारिज करते हुए कहा कि राजनीति हमारे लिए सेवा का माध्यम है। ये महायुति पूरी झूठी है। संजय राउत ने कहा कि यह बहुत बड़ा दिन है। बालासाहब ठाकरे का पूरा परिवार एकसाथ आ रहा है। इसका बहुत बड़ा फायदा हमें बीएमसी और अन्य नगर निगम के चुनावों में मिलेगा। ठाकरे ब्रदर्स 20 साल बाद साथ आए हैं। दोनों दलों के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बन चुकी है।

### हमें मनसे का साथ मंजूर नहीं : कांग्रेस

उद्धव-राज के साथ आने पर कांग्रेस ने भी प्रतिक्रिया दी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने बुधवार को साफ कहा कि कांग्रेस एमवीए और इंडिया गठबंधन के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। वडेट्टीवार ने राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के साथ आने के फैसले से खुशी जताते हुए कहा कि जब एक परिवार एकजुट होकर चुनाव लड़ता है, तो हमें खुशी होती है। हम उन्हें बधाई देते हैं और सफलता की कामना करते हैं। हालांकि उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि हमें यह भी याद रखना चाहिए कि कांग्रेस कभी मनसे के साथ जाने की पक्षधर नहीं रही है। हमारी नीति पहले भी शिवसेना और शरद पवार के साथ थी और आज भी वही है।

### अपना अस्तित्व बचाने साथ आए : फडनवीस



शिवसेना (उद्धव बाला साहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे के गठबंधन को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, 'हाइप तो ऐसे क्रिएट की जा रही है जैसे मानो रूस और यूक्रेन साथ में आ गए हों, जेलेंस्की और पुतिन बात कर रहे हों, ऐसी पार्टियां जो अपना अस्तित्व खोज रही हैं जिन्होंने अपना अस्तित्व खो दिया है जिन्होंने बार-बार भूमिकाएं बदलकर अपने बारे में अविश्वास पैदा किया है ऐसी दो पार्टियों के साथ में आने से कौन सा फर्क पड़ने वाला है।'फड़नवीस ने कहा कि ये दोनों दल अपना अस्तित्व बचाने के लिए साथ में आए हैं।

*अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन की रिपोर्ट में दी गई चेतावनी*

# अरुणाचल पर हमला कर सकता है चीन अपने 'कोर इंटरेस्ट' में किया है शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ताइवान के साथ साथ भारत के अरुणाचल प्रदेश को भी चीन ने अपने तथाकथित 'कोर इंटरेस्ट' में शामिल कर लिया है। इस रिपोर्ट ने एक बार फिर से अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत-चीन संबंधों में छिपे रणनीतिक तनाव को वैश्विक मंच पर ला दिया है। एक्सपर्ट इसे सिर्फ सीमा विवाद नहीं, बल्कि बीजिंग की दीर्घकालिक भू-राजनीतिक योजना के हिस्से के तौर पर देख रहे हैं। पेंटागन के मुताबिक, चीन वर्ष 2049 तक 'राष्ट्रीय पुनरुत्थान' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय दावों को किसी भी कीमत पर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस रणनीति के तहत ताइवान, दक्षिण चीन सागर और भारत-चीन सीमा को आपस में जुड़े हुए मोर्चों के रूप में देखा जा रहा है। रिपोर्ट यह भी संकेत देती है कि पिछले दिनों चीन ने भारत के साथ एलएसी पर तनाव में जो कमी की है, वो असल में उसकी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है।

**इस रिपोर्ट से बढ़ेगा भारत-चीन संबंधों में छिपा रणनीतिक तनाव**

**चीन का तनाव कम करना भी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा**



### चीन की बुनियादी सोच में कोई बदलाव नहीं : एक्सपर्ट

डिफेंस एक्सपर्ट लेफ्टिनेंट कर्नल (रिटायर्ड) ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'पेंटागन की रिपोर्ट एक बार फिस से साबित करता है कि भारत को लेकर चीन की बुनियादी सोच में कोई बदलाव नहीं आया है, बल्कि चीन भविष्य में अरुणाचल प्रदेश की लड़ाई की तैयारी कर रहा है।' सोढ़ी ने इस बात को लेकर हैरानी जताई कि आखिर भारत में इस पर चर्चा क्यों नहीं हो रही है।

**यह चाहता है चीन**

पेंटागन की आकलन रिपोर्ट में कहा गया है कि 'बीजिंग एलएसी पर स्थिति को नियंत्रित कर नई दिल्ली को वॉशिंगटन के और करीब जाने से रोकना चाहता है।' डिफेंस एक्सपर्ट्स का मानना है कि अरुणाचल प्रदेश सिर्फ भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि चीन के लिए इंडो-पैसिफिक रणनीति का हिस्सा है। लेफ्टिनेंट कर्नल (रिटायर्ड) जेएस सोढ़ी का कहना है कि चीन 2030 के बाद अरुणाचल प्रदेश पर कब्जे के लिए हमला कर सकता है।

### अरुणाचल को भारत का बताने पर यूट्यूबर के साथ चीन में बदसलूकी



एक इंडियन ब्लॉगर ने हाल ही में यह दावा किया है कि उसे अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा बताने के लिए चीन में करीब 15 घंटे तक हिरासत में रखा गया। 'ऑन रोड इंडियन' नाम के चैनल से वीडियो शेयर करने वाले ब्लॉगर ने दावा किया कि चीन में इमिग्रेशन सेंटर पर उसके साथ बदसलूकी हुई। ट्रैवल ब्लॉगर ने एक वीडियो जारी कर अपनी आपबीती सुनाई है। कथित तौर पर घटना बीते 16 नवंबर की है। वीडियो में उसने बताया कि , 'मैंने सिर्फ अरुणाचल प्रदेश पर स्टैंड लिया था। मैंने लिखा था कि अरुणाचल तो चीन का हिस्सा है।' इस बयान की वजह से उसके साथ घंटों तक पूछताछ हुई। उसे डिटेंशन प्वाइंट भेजा गया, 15 घंटे वह हिरासत में था।

# तुर्की में विमान क्रैश, लीबिया के मिलिट्री चीफ सहित 7 की मौत

**टेकऑफ करते ही आ गई थी तकनीकी खराबी, सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा**

एजेंसी ▶▶| इस्तांबुल



लीबिया के मिलिट्री चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद अली अहमद अल-हद्दाद की एक प्लेन क्रैश में मौत हो गई जब वह अपनी यात्रा के लिए तुर्की पहुंचे हुए थे। उनके साथ-साथ चार अन्य लीबियाई सैन्य अधिकारी और तीन क्रू मेंबर की भी मौत हुई है। प्लेन पर कुल 7 लोग सवार थे और उनमें से कोई जीवित नहीं बचा है। तुर्की की राजधानी अंकारा से उड़ान भरने के बाद यह प्लेन क्रैश हुआ। तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि फाल्कन-50 विमान का मलबा अंकारा के पास हायमाना इलाके में मिला है। विमान में टेकऑफ के 30 मिनट बाद ही तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। यह लीबियाई मिलिट्री डेलिगेशन अंकारा में तुर्किये के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने को लेकर हाई लेवल बातचीत के लिए आया था और वापस लीबिया लौट रहा था।

### इनकी हुई मौत

हादसे में मरने वालों में लीबिया के थल सेना प्रमुख जनरल अल-फितूरी ग्रैबिल, ब्रिगेडियर जनरल महमूद अल-कतावी, चीफ ऑफ स्टाफ के सलाहकार मोहम्मद अल-असावी दियाब, सैन्य फोटोग्राफर मोहम्मद ओमर अहमद महजूब और 3 क्रू मेंबर शामिल हैं।

### यहां मिला मलबा

यह प्लेन फाल्कन 50 जेट था और इसका मलबा मध्य अंकारा से लगभग 40 मील दक्षिण पश्चिम में तुर्की के हेमाना जिले में पाया गया। तुर्की के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्लेन ने रात 8:30 बजे उड़ान भरी और 40 मिनट बाद उसका संपर्क टूट गया। येरलिकाया ने कहा कि सभी कम्यूनिकेशन बंद होने से पहले प्लेन ने हेमाना के पास एक इमरजेंसी लैंडिंग सिग्नल जारी किया था। स्थानीय टेलीविजन चैनलों पर चलाए जा रहे एक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में रात का आकाश अचानक किसी विस्फोट से जगमगाता दिख रहा है।

*राहुल ने फैसले पर उठाया सवाल*

# सेंगर को जमानत मिलना शर्मनाक हम एक 'मृत समाज' बनते जा रहे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उन्नाव बलात्कार मामले में दोषी कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा निलंबित किए जाने के बाद बुधवार को कहा कि सेंगर को जमानत मिलना निराशाजनक एवं शर्मनाक है। उन्होंने यह दावा भी किया कि हम सिर्फ़ एक मृत अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि ऐसी अमानवीय घटनाओं के साथ एक मृत समाज भी बनते जा रहे हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्नाव बलात्कार मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे, भाजपा से निष्कासित कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी।

### राहुल से मिलने के बाद बोली पीड़िता

**भैया ने फोन करके बुलाया था, 3 मांगें रखी**

24 दिसंबर 2025 की शाम को उन्नाव रेप पीड़िता ने राहुल गांधी से 10 जनपथ बंगले पर मुलाकात की। मीटिंग में सोनिया भी मौजूद थीं।



दोनों ने उन्नाव के परिवार से वादा किया है कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेंगे कि उन्हें न्याय और सुरक्षा मिले। सूत्रों के मुताबिक, पीड़िता और उसके परिवार ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से 3 बड़ी बातें की गुहार लगाई है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट में सेंगर के खिलाफ लड़ने के लिए एक टॉप वकील दिलाने में मदद करें। राहुल ने ऐसा करने का वादा किया। उन्हें कांग्रेस शासित राज्य में शिफ्ट होने में मदद करें क्योंकि उन्हें मारे जाने का डर था और उन्हें अपनी सुरक्षा पर भरोसा नहीं था। विपक्ष के नेता राहुल ने कहा कि वह ऐसा करेंगे।

### जी राम जी से ग्रामीण इलाकों की उत्पादकता बढ़ेगी : मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को विकसित भारत गारंटी रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक्ट (वीजी- जी राम जी ) 2025 की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह कानून सिर्फ ग्रामीणों को मजदूरी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे गांवों में काम के साथ-साथ स्थायी संपत्तियां बनेंगी, खेती को मजबूती मिलेगी और लंबे समय में ग्रामीण इलाकों की उत्पादकता बढ़ेगी। पीएमओ के अनुसार इस कानून को बनाने से पहले केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों से बात की।

*डीओजे ने 30 हजार पन्नों के जारी किए नए दस्तावेज*

# एपस्टीन फाइल्स की नई खेप, ट्रंप पर रेप का आरोप

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के कुख्यात यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामले में एक बार फिर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम सामने आया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट (डीओजे) ने मंगलवार रात इस केस से जुड़े करीब 30 हजार पन्नों के नए दस्तावेज जारी किए हैं। इन फाइलों में ट्रंप और एपस्टीन की पुरानी जान-पहचान, निजी यात्राओं और कुछ गंभीर लेकिन अप्रमाणित आरोपों का जिक्र है। नए जारी हुए पन्नों में ट्रंप पर रेप के भी आरोप लगे हैं। हालांकि, जस्टिस डिपार्टमेंट ने साफ कहा है कि ट्रंप पर लगाए गए रेप के आरोप बिना सबूत के हैं और इन्हें सच नहीं माना जाना चाहिए।



### सबसे विवादास्पद खुलासे

सबसे विवादास्पद खुलासों में अक्टूबर 2020 की एक एफबीआई फाइल शामिल है, जिसमें एक महिला ने दावा किया है कि डोनाल्ड ट्रंप और जेफ्री एपस्टीन दोनों ने उसके साथ रेप किया। फाइल में एक लिमोजीन ड्राइवर के बयान का भी जिक्र है, जिसने 1995 में एक फोन कॉल सुनी थी, जिसमें ट्रंप कथित तौर पर किसी लड़की के साथ दुर्व्यवहार की बात कर रहे थे। हालांकि, एफबीआई रिकॉर्ड यह साफ नहीं करते कि इन आरोपों की औपचारिक जांच हुई या नहीं।

**हाथ से लिखा पत्र और विवाद :** फाइलों में एपस्टीन का एक कथित हाथ से लिखा हुआ लेटर भी शामिल है जिसमें राष्ट्रपति के बारे में आपत्तिजनक बातें लिखी गई हैं। यह पत्र सत्यापित नहीं है और डीओजे ने इसकी प्रामाणिकता पर सवाल उठाए हैं। जस्टिस डिपार्टमेंट ने दोहराया है कि ट्रंप पर एपस्टीन केस में कोई आपराधिक आरोप नहीं है।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेंडिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
24/7 Emergency Services
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

रायपुर
गुरुवार, 25 दिसंबर 2025
पौष शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष : 24, अंक : 156
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5 .00**

मौसम
अधि. 27.2
न्यून. 12.4



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

9
विवाह बंधन में बंधी वीनस एंड्रिया...



विचार पेज
2 छत्तीसगढ़ में साकार होती....




# मंत्रियों, बड़े पुलिस अफसरों को अब नहीं मिलेगी सलामी, खत्म हुआ गार्ड ऑफ ऑनर का सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अब सरकार के गृहमंत्री, सभी मंत्री, पुलिस महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जब जिलों में भ्रमण करने जाएंगे, दौरा करेंगे या निरीक्षण, इस दौरान उन्हें सलामी यानी गार्ड ऑफ ऑनर नहीं दिया जाएगा। राज्य सरकार के गृह विभाग ने यह आदेश जारी कर इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का निर्देश दिया है।

**ये है मामला:** दरअसल अब राज्य शासन के गृह विभाग ने सलामी की समीक्षा करने के बाग सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) की प्रक्रिया में बदलाव कर दिया है। सरकार का मानना है कि पुलिस बल की कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए यह किया जा रहा है। इसके साथ ही सरकार ये भी मानती है कि यह उपनिवेशवाद कोलोनियल सिस्टम का ▶▶|शेष पेज 8 पर

## राज्य सरकार के गृह विभाग ने जारी किया आदेश

### इन्हें जारी रहेगी सलामी

सरकार ने निर्देश में ये भी कहा है कि गृहमंत्री, अन्य सभी मंत्रियों और पुलिस अधिकारियों को भले ही अब सलामी नहीं दी जाएगी, लेकिन संवैधानिक एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तियों के लिए सलामी की व्यवस्था लागू रहेगी। इनमें प्रोटोकॉल अनुसार संवैधानिक पदों पर आसीन महानुभाव एवं अतिथियों के लिये सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) की व्यवस्था पूर्वानुसार यथावत रहेगी।

### ये है ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

गार्ड ऑफ ऑनर का मूल विचार भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान आया, जो राष्ट्रमंडल देशों (की सैन्य परंपरा का हिस्सा था। प्राचीन काल में भी राजा-महाराजाओं के आगमन पर सैनिकों द्वारा लाइन में लगकर स्वागत करने की परंपरा रही है, लेकिन आधुनिक सैन्य प्रोटोकॉल अंग्रेजों के समय से विकसित हुआ।

### भारत में कब से शुरू हुआ गार्ड ऑफ ऑनर

भारत में गार्ड ऑफ ऑनर की परंपरा का इतिहास काफी पुराना है, जिसे मुख्य रूप से दो चरणों में समझा जा सकता है। इसके आधुनिक स्वरूप की शुरुआत (1947) में हुई। स्वतंत्र भारत में औपचारिक 'ट्राई-सर्विसेज गार्ड ऑफ ऑनर' की शुरुआत 1947 में आजादी के तुरंत बाद हुई थी। भारत के स्वतंत्र होने के बाद, तीनों सेनाओं (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) को मिलाकर एक विशेष टुकड़ी बनाई गई, जिसका काम भारत आने वाले राष्ट्राध्यक्षों और वीवीआईपी को सलामी देना था। ऐतिहासिक रूप से 1947 में पहली बार भारतीय तिरंगे को औपचारिक रूप से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया था।

### सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) की समाप्ति

गृह विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया कि राज्य के भीतर सामान्य दौरों, आगमन,प्रस्थान एवं निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित को अब सलामी गारद (गार्ड ऑफ ऑनर) नहीं दिया जायेगा। राज्य के गृहमंत्री एवं सभी मंत्री, पुलिस महानिदेशक सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जिला में भ्रमण, दौरे, निरीक्षण के समय इन मंत्रियों एवं अधिकारियों के लिये पूर्व में प्रचलित सलामी की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त कर दी गई है।

### यहां ये नियम नहीं होगा लागू

राष्ट्रीय एवं राजकीय समारोह के अवसर पर लागू नहीं होगें। इन अवसरों पर औपचारिक सलामी गारद पूर्ववत दी जाएगी। गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) एवं स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त)। शहीद पुलिस स्मृति दिवस (21) अक्टूबर) एवं राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर)। राजकीय समारोह, पुलिस दीक्षांत परेड।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### तमिलनाडु में सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत

**कुड्डालोर।** तमिलनाडु के कुड्डालोर में एक सरकारी बस की दो वाहनों से भिड़ंत की घटना में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जिनमें पांच पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि तिरुचिराप्पल्ली से चेन्नई जा रही बस टायर फटने के कारण डिवाइडर तोड़ते हुए विपरीत लेन में चली गई और सामने से आ रहे वाहनों से उसकी टक्कर हो गई।

### दिल्ली में तीन नए मेट्रो कॉरिडोर को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए तीन नये मेट्रो कॉरिडोर को मंजूरी दी। इसमें आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक 9.91 किलोमीटर का एक खंड भी शामिल है, जो लुटियंस दिल्ली में सभी कर्तव्य भवनों, इंडिया गेट, भारत मंडपम, राष्ट्रीय समर स्मारक और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को जोड़ेगा।

*एनकाउंटर में ढेर अमन साव गैंग के साथ मिलकर करता था उगाही*

# विश्नोई गैंग के गैंगस्टर मयंक सिंह को रायपुर शूट-आउट केस में लाया गया

*कुख्यात गैंगस्टर मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा को राजधानी पुलिस झारखंड, रामगढ़ जेल से बुधवार को प्रोटेक्शन वारंट में गिरफ्तार कर रायपुर लाई है। मयंक सिंह को रामगढ़ पुलिस ने अपनी सुरक्षा में रायपुर लाकर क्राइम ब्रांच पुलिस के सुपुर्द किया है। गिरफ्तार गैंगस्टर लारेंस विश्नोई गैंग से भी जुड़ा है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वह झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर एनकाउंटर में ढेर अमन साव गैंग के साथ मिलकर कारोबारियों से प्रोटेक्शन मनी के रूप में फिरौती वसूली करने का कार्य करता था। रायपुर लाने के बाद स्थानीय पुलिस ने मयंक सिंह को कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने सात दिनों की पुलिस रिमांड की मांग की है। पुलिस को चार दिनों की रिमांड हासिल हुई है। पुलिस के मुताबिक मयंक ने अमन के साथ मिलकर रायपुर के कोयला कंस्ट्रक्शन कारोबारी प्रहलाद राय और पीआर ग्रुप के संचालक के कार्यालय पर अपने शूटरों की मदद से फायरिंग करवाई थी। मयंक सिंह को झारखंड एटीएस ने इंटरपोल की मदद से अगस्त में अजरबैजान से गिरफ्तार किया था। मयंक के ▶▶|शेष पेज 8 पर

- पीआरए ग्रुप से फिरौती नहीं मिलने पर कराई थी फायरिंग



### विदेश में बैठकर गैंग ऑपरेट

*पुलिस अफसरों के अनुसार मयंक सिंह विदेश में बैठकर अमन साव के साथ मिलकर गैंग ऑपरेट कर रहा था। वह डंकी रूट के जरिए विदेश पहुंचा था। पहले सिंगापुर फिर ईरान, मेक्सिको होते हुए अमेरिका तक गया और वहीं से गैंग का संचालन करता रहा। अब उसके प्रत्यर्पण के बाद पुलिस उससे अमन साव और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े कई अहम सवाल पूछ कर गैंग से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाएगी।*

### कारोबारी के कार्यालय के बाहर फायरिंग

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पिछले वर्ष एक जुलाई को कोल तथा कंस्ट्रक्शन कारोबारी प्रहलाद राय और पीआर ग्रुप के संचालक के कार्यालय के बाहर फायरिंग की घटना हुई थी। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया था, जिसमें बाइक सवार बदमाशों ने दो राउंड फायरिंग की थी। इसमें एक हवा में और दूसरी फायरिंग कार पर की गई थी। आरोप है कि मयंक सिंह ने यह गोली चलवाई थी।

### ढेर होने के बाद अमन के गैंग पर कब्जा

फिरौती तथा जबरन वसूली के आरोप में रायपुर जेल में बंद गैंगस्टर अमन साव को झारखंड पुलिस ने इसी साल मार्च में एनकाउंटर में ढेर किया था। मरने के बाद अमन के गैंग पर पूरा नियंत्रण मयंक सिंह का हो गया था। साथ ही उसने सोशल मीडिया के माध्यम से अमन को ढेर करने वाले पुलिसकर्मियों से बदला लेने की धमकी दी थी।

### मीडिया को ई-मेल करके बताया था टारगेट

16 जून 2024 को छत्तीसगढ़-झारखंड के कोल और कंस्ट्रक्शन कारोबारियों को मारने आए आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद मयंक सिंह ने छत्तीसगढ़ के मीडिया को एक धमकी भरा ई-मेल भेजा था। इसमें उसने गिरफ्तारी को षड्यंत्र बताया था। साथ ही रंगदारी मांगने की बात से इनकार करते हुए ईगो हर्ट करने की बात कही थी। वहीं मेल में बदला लेने की धमकी दी गई थी। गैंगस्टर ने कहा था कि कारोबारियों के परिवार से एक आदमी कम करेंगे। मेल को लेकर रायपुर एसएसपी ने जांच कराने की बात कही थी।

नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

# राजनीतिक और व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता बनी हत्या की वजह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

भाजपा नेता व जनपद सदस्य की हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। राजनीतिक व व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता के चलते हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने क्षेत्र में रहने वाले एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई चार पहिया गाड़ी व कुल्हाड़ी, तलवार को बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने न्यायिक रिमांड में जेल ▶▶|शेष पेज 8 पर

### ये हैं हत्या के आरोपी

जांच के दौरान पुलिस ने इस हत्या के मामले में शामिल ग्राम मालदा निवासी मिर्जा मुस्ताक अहमद 27 वर्ष पिता महमूद अहमद, कोरबी निवासी विश्वजीत ओगरे 21 वर्ष पिता स्व.नागेन्द्र ओगरे, मालदा निवासी गुलशन दास 26 वर्ष पिता त्रिभुवन दास व एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### इसलिए रची हत्या की साजिश

बताया जाता है कि मिर्जा मुस्ताक अहमद का अक्षय गर्ग का राजनीतिक व व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता थी, जिसके चलते मिर्जा मुस्ताक अहमद ने अक्षय गर्ग की हत्या की साजिश अपने साथियों के साथ मिलकर रची थी। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर ▶▶|शेष पेज 8 पर

# राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुए साहित्य साधक

- मुख्यमंत्री साय, सांसद अग्रवाल, प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास सहित कई नेता-अधिकारी हुए अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र एवं प्रसिद्ध साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का पार्थिव शरीर बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजधानी रायपुर के मारवाड़ी मुक्तिधाम में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उनका पार्थिव शरीर को उनके निज निवास स्थान से तिरंगा में लपेटकर सम्मानपूर्वक मुक्तिधाम तक लाया गया, जहां गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें भावपूर्ण रूप से अंतिम विदाई दी गई। उनके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक ▶▶|शेष पेज 8 पर





### ये भी शामिल हुए अंतिम संस्कार कार्यक्रम में

दिवंगत शुक्ल की अंतिम यात्रा एवं अंत्येष्टी कार्यक्रम में कलेक्टर गौरव सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम नंदकुमार चौबे, सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री ने दिया अर्थी को कंधा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी साहित्यकार विनोद शुक्ल के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने पहले दिवंगत शुक्ल के निवास स्थान पहुंचे, जहां उनके पार्थिव शरीर को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि के बाद मुख्यमंत्री दिवंगत शुक्ल की अंतिम यात्रा में भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दिवंगत शुक्ल की अर्थी को कंधा भी दिया।

*कैट-2025 का रिजल्ट जारी*

# कैट में दिल्ली का दबदबा, 12 ने हासिल किया 100 पर्सेंटाइल

**नई दिल्ली।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कोझिकोड ने कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) 2025 का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में जो उम्मीदवार उपस्थित हुए थे। वह आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। कैट 2025 के परिणाम में 12 उम्मीदवारों ने 100 पर्सेंटाइल का स्कोर किया है। 100 पर्सेंटाइल का स्कोर करने वाले सबसे अधिक 3 कैंडिडेट दिल्ली से हैं।



### टॉप स्कोरर में पांच महिलाएं

कैट 2025 में 99.98 परसेंटाइल लेवल पर टॉप स्कोरर में पांच महिला कैंडिडेट हैं, जबकि 21 पुरुष कैंडिडेट हैं। यह 99.99 और 100 परसेंटाइल ब्रैकेट की तुलना में महिला रिप्रेजेंटेशन में थोड़ा सुधार दिखाता है।

# सीधे अंतरिक्ष से मोबाइल को मिलेगा नेटवर्क

एजेंसी ▶▶| श्रीहरिकोटा

एक ऐतिहासिक मिशन के तहत इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपण यान 'एलवीएम-3 एम6' ने एक अमेरिकी संचार उपग्रह को उसकी निर्धारित कक्षा में बुधवार को सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया, जिसे अंतरिक्ष एजेंसी प्रमुख ने देश के लिए तोहफा करार दिया। प्रक्षेपण यान एलवीएम-3 एम6 ▶▶|शेष पेज 8 पर

- 'बाहुबली' ने 6,100 किलोग्राम वजनी अमेरिकी उपग्रह को



### सबसे भारी पेलोड

इसरो ने बताया कि 6,100 किलोग्राम वजनी यह संचार उपग्रह एलवीएम3 के प्रक्षेपण इतिहास में पृथ्वी की निम्न कक्षा में भारतीय धरती से स्थापित किया जाने वाला अब तक सबसे भारी पेलोड है। इससे पहले सबसे भारी पेलोड एलवीएम3-एम5 संचार उपग्रह-03 था।

### पीएम मोदी ने दी इसरो को बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम... एलवीएम 3-एम6 का सफल लॉन्च, जिसने भारतीय धरती से लॉन्च किए गए सबसे भारी सैटेलाइट को स्थापित किया। यूएसए के स्पेसक्राफ्ट ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 को उसकी तय ऑर्बिट में स्थापित किया।



चाऊमीन, पिज्जा और बर्गर ने चिपका दीं आंतें

# ज्यादा फास्ट फूड खाने से आंतों में छेद, बच्ची की दर्दनाक मौत, पिता ने कहा-आप भी न खाएं

एजेंसी ▶▶| अमरोहा

उत्तर प्रदेश के अमरोहा में 11वीं की एक छात्रा की कथित तौर पर लगातार फास्ट फूड खाने से मौत हो गई। अहाना नाम की छात्रा के पेट में इंफेक्शन हो गया था। अहाना के पिता ने लोगों से अपील की कि वह अपने बच्चों को फास्ट फूड न खाने दें और घर का बना हुआ ही बच्चों को खिलाएं। बताया जा रहा है कि स्थानीय अस्पताल में इलाज के बाद उसे दिल्ली एम्स रेफर किया गया था। वहां उसने दम तोड़ दिया। परिवार का दावा है कि अहाना को फास्ट फूड खाने का शौक था। मना करने के बाद भी वह चाऊमीन, मैगी, पिज्जा-बर्गर जैसे ▶▶|शेष पेज 8 पर



### फास्ट फूड क्या हैं?

सीनियर कंसल्टेंट डॉ. संचयन रॉय के मुताबिक, फास्ट फूड ऐसे भोजन को कहा जाता है जो जल्दी तैयार हो जाता है, स्वाद में तो काफी होता है लेकिन न्यूट्रिशन के लिहाज से काफी कम और सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकता है।

### क्या कहते हैं चिकित्सक

लगातार फास्ट फूड खाने से जान जाने का कितना खतरा है। इस पर अमरोहा सीएससी में तैनात सीनियर फिजिशियन मुमताज अंसारी ने बताया कि बच्चों की इम्यूनिटी (प्रतिरोधक क्षमता) पर इसका सीधा असर पड़ता है। आंतों में गंभीर संक्रमण भी संभव है।

### कैसे हुआ पेट में इंफेक्शन?

यह मामला अमरोहा के मोहल्ला कटकुई का है। परिवार का कहना है कि अहाना पिछले कई महीने से लगातार फास्ट फूड खा रही थी। उसने घर का खाना छोड़ दिया था। परिवार का दावा है कि लगातार फास्ट फूड खाने से अहाना के पेट में दर्द रहने लगा था। पहले उसका स्थानीय अस्पताल में इलाज करवाया गया, तबीयत न सुधरने पर दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया।




अटल
परिसर
छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता, भारतरत्न
श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी
की स्मृतियों को समर्पित एक ऐतिहासिक पहल
अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर
मा. मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी, मा. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी एवं
मा. उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी फुंडहर चौक, रायपुर से एवं
स्थानीय जनप्रतिनिधि अपने निकायों में देवतुल्य जनता के साथ करेंगे
अटल जी की 115 प्रतिमाओं का अनावरण एवं
अटल परिसर
का
लोकार्पण
दिनांक - 25 दिसंबर 2025, गुरुवार
समय - प्रातः 12:30बजे से
स्थान - फुंडहर खेल मैदान, रायपुर (छत्तीसगढ़)
राज्य निर्माता अटल जी की कुल 60 प्रतिमाओं एवं
अटल परिसर का पूर्व में हो चुका है लोकार्पण।
विकास • सुशासन • जनकल्याण
विनीत - भारतीय जनता पार्टी, नगरीय निकाय प्रकोष्ठ (छ.ग.)



किसी गंभीर दुर्घटना या बीमारी के कारण कई बार हमारी स्पाइन विकारग्रस्त हो जाती है। इसके ट्रीटमेंट में वेसलप्लास्टी तकनीक काफी प्रभावी सिद्ध हो रही है। इसकी विशेषताओं के बारे में एक्सपर्ट डॉ. यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# स्पाइन की कई समस्याओं से छुटकारा दिलाए वेसलप्लास्टी



ट्रीटमेंट

डॉ. सुदीप जैन
डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया
नारायणा विहार, नई दिल्ली



रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) से संबंधित कई समस्याओं के इलाज में वेसलप्लास्टी तकनीक, पीड़ितों के लिए नई उम्मीद की तरह विकसित हुई है। मौजूदा दौर में आमतौर पर पीड़ित व्यक्ति 'ओपन सर्जरी' से बचते हुए ऐसी सर्जरी कराने का इच्छुक रहता है, जिसमें कम से कम ऑपरेशन हो और जो सुरक्षित भी हो, इस कसौटी पर वेसलप्लास्टी खरी उतरती है।

**वेसलप्लास्टी की जरूरत:** तंत्रिका तंत्र का एक अभिन्न भाग रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) आपके शरीर को भी एक आकार प्रदान करती है, लेकिन कई बार दुर्घटनाओं या फिर बीमारियों के कारण जब यह विकारग्रस्त हो जाती है, तब कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं के संदर्भ में 'स्पाइनल कॉलम' और 'बर्टिब्रा' के बारे में जानना जरूरी है। गौरतलब है की रीढ़ की हड्डी की गर्दन से लेकर कमर के निचले भाग तक की पूरी संरचना को 'स्पाइनल कॉलम' कहा जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में अनेक कशेरूकाएं (वर्टिब्रा) होती हैं, जिन्हें 'वर्टिब्रल बोन' कहा जाता है, जिनसे रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) बनती है।



**संभव हैं ये दुष्प्रभाव:** सड़क दुर्घटनाओं के अलावा आघात या चोट लगने, ऊंचाई से गिरने, ऑस्टियोपोरोसिस (जरा-सा आघात लगने पर हड्डियों का टूट जाना या फ्रैक्चर होना) की समस्याएं, हड्डियों से संबंधित टीबी (बोन टीबी), रीढ़ की हड्डी में पस पड़ जाना और बोन कैंसर आदि के कारण 'वर्टिब्रल बोन' क्षतिग्रस्त या विकारग्रस्त हो सकती हैं। आमतौर पर ऐसी समस्याएं तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। इनमें ये समस्याएं शामिल हैं-

- शारीरिक संतुलन स्थापित करने में दिक्कत।
- किसी भी तरह की संवेदना का एहसास करने में परेशानी।
- कई मामलों में मल और यूरिन पर नियंत्रण स्थापित न कर पाना।
- पक्षाघात या लकवा होने का जोखिम।

**तकनीक की प्रक्रिया:** वेसलप्लास्टी तकनीक की प्रक्रिया के अंतर्गत मरीज को 'लोकल एनेस्थीसिया' दिया जाता है और फिर इसके बाद उसके विकारग्रस्त या फ्रैक्चर्ड 'वर्टिब्रल बोन' के अंदर एक सूक्ष्म सुई डाली जाती है। इस सुई के आगे के भाग पर एक गुब्बारा (बैलून) लगा होता है। यह बैलून विकारग्रस्त 'वर्टिब्रल बोन' की विकृतियों को समाप्त कर देता है। इस प्रक्रिया के बाद इस बैलून में 'बोन सीमेंट' को भरते हैं, जिसके परिणामस्वरूप 'वर्टिब्रल बोन' के विकारों (डिफेक्ट्स) को दूर किया जाता है। बोन सीमेंट लगभग 15 मिनट के बाद वर्टिब्रल बोन पर अपना प्रभाव छोड़ती है। गौरतलब है कि बोन सीमेंट का शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है।

**वेसलप्लास्टी की विशेषताएं:** यह तकनीक अपनी कुछ विशेषताओं के कारण अपनाई जा रही है।

- इस तकनीक को अपनाने से मरीज की ओपन सर्जरी करने की जरूरत नहीं पड़ती। एक छोटे से चीरे से इस तकनीक की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाता है।
- संक्रमण का खतरा कम रहता है।
- कम से कम रक्तस्त्राव होता है।
- मरीज अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ करता है।
- रीढ़ की हड्डी की समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए वेसलप्लास्टी के अलावा जो अन्य सर्जिकल प्रोसीजर अपनाएं जाते हैं, उनमें मरीज के विकारग्रस्त वर्टिब्रल बोन में इंप्लांट्स डालने की जरूरत पड़ती है, लेकिन वेसलप्लास्टी में इंप्लांट्स डालने की जरूरत नहीं होती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला


आमतौर पर लोग अपनी फिजिकल हेल्थ पर तो ध्यान देते हैं लेकिन ब्रेन हेल्थ को इग्नोर करते हैं। जबकि ब्रेन हेल्थ हमारी पूरी मेंटल हेल्थ को कंट्रोल करता है। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि ब्रेन हेल्थ के लिए किन बैड हैबिट्स को छोड़ना और किन गुड हैबिट्स को अपनाना चाहिए। इस बारे में हम दे रहे हैं आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# आपका ब्रेन हेल्थ रहेगा परफेक्ट लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव

हेल्थ सजेशन

डॉ. मोनिका शर्मा





आमतौर पर अच्छे खान-पान से लेकर फिजिकल एक्टिविटी तक, सब कुछ शरीर की अच्छी सेहत से जोड़कर देखा जाता है। नींद और आराम को भी शरीर की थकान उतारने का ही जरिया माना जाता है। जबकि जीवनशैली से जुड़ी यही बातें हमारे ब्रेन हेल्थ को भी गहराई से प्रभावित करती हैं। असंतुलित आहार हो या प्रकृति से दूरी, आराम करने में की गई कोताही हो या नकारात्मक विचारों का घेरा, मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव डालते हैं। ऐसी ही कुछ बातों का ध्यान रखने से दुरुस्त रहेगा ब्रेन हेल्थ।

## शारीरिक सक्रियता

फिजिकल एक्टिविटी केवल शरीर का मोटापा काबू में रखने में ही नहीं, ब्रेन फॉग से बचाने में भी मददगार बनती है। व्यायाम चाहे किसी भी रूप में किया जाए, शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार लाने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी पॉजिटिव प्रभाव डालता है। नियमित शारीरिक एक्टिविटीज करना अवसाद और चिंता से बचाने वाली जीवनशैली से जोड़ता है। शारीरिक व्यायाम की मनोदशा सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका है। शारीरिक सक्रियता से शरीर को एंडोर्फिन हार्मोन मिलता है। यह हार्मोन शरीर का नेचुरल मूड लिफ्टर है। यही वजह है कि शारीरिक रूप से सक्रिय रहना ओवरथिंकिंग और नेगेटिविटी पैदा करने वाले विचारों से भी दूर रखता है। ये दोनों ही बातें दिमागी सेहत की बेहतरी से भी जुड़ी होती हैं।

## संतुलित आहार

हमारे यहां तो कहा ही गया है कि 'जैसा खावें अन्न, वैसा हो मन।' हर आयुवर्ग के लोगों पर यह बात लागू होती है। समझना जरूरी है कि मन से ही मस्तिष्क भी जुड़ा है। ऐसे में हमारा भोजन शरीर ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। फलों-सब्जियों से भरपूर संतुलित आहार तो भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा माना गया है। ऐसी सुपाच्य चीजें बॉडी को भी सही पोषण देती हैं। वहीं खराब फूड हैबिट्स दिमाग से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाती हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन किसी काम पर फोकस ना कर पाना, सुस्ती, घबराहट और चिड़चिड़ेपन जैसी भावनाओं को बढ़ाता है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड, फास्ट फूड और शुगर युक्त ड्रिंक्स के सेवन से अवसाद और चिंता का जोखिम भी बढ़ता है। पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन जर्नल में छपे अध्ययन के मुताबिक नियमित रूप से फास्ट फूड का सेवन करने वाले लोगों में अवसाद विकसित होने की संभावना 51 प्रतिशत ज्यादा होती है। असल में प्रोसेस्ड फूड्स में शामिल शुगर और नमक की अधिक क्वांटिटी वाले फूड प्रोडक्ट्स बहुत स्वादिष्ट लगते हैं। इससे ना केवल इन्हें रेगुलर खाने की लत लग जाती है बल्कि ऐसे फूड प्रोडक्ट्स बॉडी में हार्मोनल और न्यूरो बायोलॉजिकल बदलाव का भी कारण बन सकते हैं। मौजूदा जीवनशैली में अत्यधिक नमक का सेवन याददाश्त और इंटेलिजेंस को कमजोर करने का अहम कारण माना जा रहा है। इसीलिए फिजिकल फिटनेस के लिए ही नहीं दिमाग की सेहत दुरुस्त रखने के लिए भी हेल्दी फूड्स का सेवन करना आवश्यक है।



## कुदरत से नजदीकी

आज के दौर में तकनीकी उपकरणों संग सीमित दायरे में बीत रहा समय हमें प्रकृति से दूर कर रहा है। प्रकृति के संपर्क में कमी को 'स्नेचर डेफिसिट डिसऑर्डर' कहा जाता है। यह डिसऑर्डर शरीर ही नहीं दिमाग की सेहत बिगाड़ने वाला भी है। समझना जरूरी है कि हरे-भरे परिवेश में सैर, योग या जॉगिंग करना शरीर को ही नहीं दिमाग को भी दुरुस्त रखता है। देखने में आता है कि अब फिजिकल एक्टिविटीज भी इंडोर ही की जाती हैं। घर-दफ्तर तो प्राकृतिक जुड़ाव से दूर हैं ही। ऐसे में इरादतन नेचर के करीब रहने का प्रयास किया जाना चाहिए। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के मुताबिक सप्ताह में कम से कम दो घंटे प्रकृति के करीब बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों बेहतर हो सकते हैं। हरे-भरे वातावरण में रहने से कोग्निटिव हेल्थ सुधरती है। रचनात्मक सोच बढ़ती है। मन प्रसन्न रहता है। मस्तिष्क ठहराव और सुकून महसूस करता है। ऐसी सभी बातें दिमाग को सक्रिय और स्वस्थ रखती हैं।



## नींद और आराम भी जरूरी

किसी भी काम, भागदौड़ या बिजी रुटीन के बाद शरीर की थकान कम करने के लिए अच्छी नींद लेने को कहा जाता है। हम सब समझते हैं कि यह फिजिकल थकान आराम करने से ही जाएगी। लेकिन यही बात दिमाग की थकान को लेकर नहीं सोची जाती। घंटों काम करने के बाद भी मन-मस्तिष्क को आराम नहीं दिया जाता। जबकि अच्छी नींद शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। मूड को बेहतर करने के लिए ही नहीं डिसट्रेक्शन घटाने के लिए भी पर्याप्त नींद लेनी ही चाहिए। स्पष्ट देखा जा सकता है कि आज की आपाधापी भरी जीवनशैली में नींद की कमी भी अवसाद, चिंता और दूसरी मानसिक समस्याओं को बढ़ावा दे रही है। इतना ही नहीं ठीक से नींद ना लेना, स्ट्रेस मैनेजमेंट की क्षमता पर भी दुष्प्रभाव डाल रहा है। शुरुआत में सही रुटीन बनाने और अच्छी नींद लेने की अहमियत नहीं समझी जाती और बाद में इंसान बाकायदा अनिद्रा की समस्या के घेरे में आ जाता है। गौरतलब है कि अवसाद के शिकार 90 प्रतिशत तक लोग अनिद्रा यानि इनसोमनिया की शिकायत करते हैं। असल में नींद की कमी से कोर्टिसॉल हार्मोन का लेवल बढ़ता है। ऐसे में समय पर सोने-जागने की दिनचर्या ना केवल तनाव और बेचैनी बढ़ाने वाले कोर्टिसॉल हार्मोन को नियंत्रित रखती है, बल्कि इमोशनल बैलेंस बनाए रखने में भी मदद करती है। *

डाइट एडवाइस / राजकुमार 'दिनकर'

# इनका करें नियमित सेवन इस मौसम में रहेंगे हेल्दी

सर्दी का मौसम अपने साथ बहुत सी समस्याएं लेकर आता है। वायरल इंफेक्शन, धीमी पाचन क्रिया, सर्दी-जुकाम, खांसी, रूखी त्वचा, धूप कम होने से लगातार ठंड लगना, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता, हृदय रोगियों के लिए कई तरह के खतरे, लगातार ठंड के कारण मनोदशा में उतार-चढ़ाव। सर्दी के साथ इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रकृति प्रदत्त अनेक खाने की चीजें फल, हरी सब्जियां, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ खाएं।

**मौसमी फल:** सर्दी के मौसम में अमरूद, कीवी, सेब, अनार, केला, संतरे, मौसंबी, पपीता और भी कई तरह के रसीले फल जो एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, इनका खूब सेवन करना चाहिए। ये हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं और शरीर को बाहरी संक्रमण से लड़ने के लिए तैयार करते हैं।



**साबूत अनाज:** मोटे और साबुत अनाजों को खाने और पचाने के लिए सर्दी का मौसम सबसे उपयुक्त होता है। ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, सोयाबीन, जई, जैसे पारंपरिक भारतीय अनाज को हम रोटी के रूप में या इनके खिचड़ी, दलिया, बनाकर उन्हें मेवों के साथ भी खा सकते हैं। ये अनाज हमारे शरीर को गर्मी देने के साथ-साथ पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं और ऊर्जा स्तर में भी सुधार करते हैं।

**गर्म पेय पदार्थ:** अदरक, लहसुन, कालीमिर्च, दालचीनी, हल्दी, अजवाइन और तुलसी ये सभी पारंपरिक जड़ी बूटियां और मसाले, सर्दी के मौसम में हमें विशेष तौर पर ठंड से बचाते हैं। ठंड लगने पर तुलसी, सौंफ और दूसरे मसालों से बनी चाय हमें राहत दिलाती है, पाचनक्रिया में सुधार करती है। वायरल संक्रमण से बचाकर हमारे फेफड़ों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। हल्दी वाला दूध, सब्जियों के सूप, शोरबा, गर्म पानी और काढ़ा, शरीर को ठंड से बचाते हैं। सर्दी के इस मौसम में गाजर, टमाटर, मिक्स सब्जियों का सूप भी हमें कब्ज से निजात दिलाकर पाचनक्रिया को दुरुस्त रखता है।

**हरी पत्तेदार सब्जियां:** सर्दी के मौसम में मौसमी सब्जियां, भरपूर मात्रा में उपलब्ध होती हैं। शकरकंद, पालक, मेथी, सरसों, बथुआ, मूली, चुकंदर, शलजम, गाजर, सोया साग, गांठ गोभी, जैसी सब्जियां प्राकृतिक रूप से खनिज लवणों से भरपूर होती हैं। गर्म तासीर वाली इन सब्जियों में आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फाइबर, बीटा कैरोटीन, विटामिन के और महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो रक्त में हिमोग्लोबिन की मात्रा को बढ़ाकर शरीर में आयरन की कमी पूरा करते हैं। *






# सोना-चांदी नहीं, तांबा बनने जा रहा बाजार का 'अगला किंग', दिया 36% रिटर्न

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजार में जहां साल 2025 के दौरान जबरदस्त उतार–चढ़ाव देखने को मिला, वहीं दूसरी ओर कीमती और औद्योगिक धातुओं ने निवेशकों को शानदार रिटर्न देकर आकर्षित किया है।

इस साल अब तक सोने ने करीब 70 प्रतिशत का मजबूत रिटर्न दिया है। चांदी ने तो सभी पारंपरिक निवेश विकल्पों को पीछे छोड़ते हुए लगभग 130 से 140 प्रतिशत तक की छलांग लगाई है, जिससे यह रिटर्न के लिहाज से साल की सबसे बेहतरीन एसेट बनकर उभरी है। इसी कड़ी में सोने ने भी निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया। सोने में 60 फीसदी से अधिक का उछाल दर्ज किया गया।

### हाई रिटर्न्स की रेस में तांबा

हालांकि, इस रेस में तांबा भी पीछे नहीं रहा और अपेक्षाकृत कम चर्चा में रहते हुए भी 2025 में करीब 36 प्रतिशत का दमदार रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया है। चांदी की कीमतों में तेज उछाल की सबसे बड़ी वजह औद्योगिक मांग का तेजी से बढ़ना माना जा रहा है, क्योंकि सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में इसके इस्तेमाल में लगातार इजाफा हो रहा है, जबकि इसके मुकाबले आपूर्ति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाई है।

### चांदी पहुंची दो लाख के ऊपर

यही असंतुलन कीमतों को ऊपर ले गया है और चांदी के भाव करीब 2 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के आसपास पहुंच चुके हैं, जिसमें सुरक्षित निवेश के विकल्प के तौर पर बढ़ती मांग ने भी अहम भूमिका निभाई है। वहीं तांबे को अब बाजार का "अगला किंग" कहा जाने लगा है, क्योंकि तेज औद्योगिकीकरण के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार ने इसकी मांग को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है।

### जानें क्या बोले विशेषज्ञ

विशेषज्ञों के अनुसार, एआई के बढ़ते उपयोग के चलते बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर बनाए जा रहे हैं, जिनमें भारी मात्रा में तांबे की जरूरत होती है, और यही वजह है कि मांग के मुकाबले सप्लाई पिछड़ती जा रही है। रॉयटर्स द्वारा कराए गए सर्वे में भी यह सामने आया है कि साल 2025 में तांबे की आपूर्ति करीब 1.24 लाख टन कम रही है और 2026 में यह कमी बढ़कर लगभग 1.5 लाख टन तक पहुंच सकती है। बाजार के जानकारों का मानना है कि जिस तरह सोना और चांदी अपनी चमक दिखा चुके हैं, आने वाले समय में तांबा भी कीमतों के नए रिकॉर्ड बना सकता है।



- एआई और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार ने भी इसकी मांग बताई जा रही
- औद्योगिक मांग के कारण तांबा में तेजी की संभावना बताई जा रही

## आरबीआई नकदी बढ़ाने सरकारी प्रतिभूति खरीदेगा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि वह बैंकों में नकदी बढ़ाने के लिए दो लाख करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा। साथ ही 10 अरब अमेरिकी डॉलर की डॉलर-रुपया अदला-बदली नीलामी आयोजित करेगा। अदला-बदली नीलामी 29 दिसंबर, 2025 से 22 जनवरी, 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। वह नकदी और बाजार की बदलती परिस्थितियों पर लगातार नजर रखेगा और सुचारू तरलता सुनिश्चित करने के लिए जरूरत के मुताबिक कदम उठाएगा। भारत सरकार की प्रतिभूतियों की एक लाख करोड़ रुपये की ओएमओ खरीद नीलामी और तीन साल की अवधि के लिए पांच अरब अमेरिकी डॉलर के डॉलर/रुपया खरीद/बिक्री अदला-बदली नीलामी आयोजित करने के कुछ दिनों बाद आई है।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)
Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)
जहाँ सेवा ही जीवन-ध्येय है
अंचल: द्वितीय तल, सीआई स्क्वायर के पास, नयापुरा, कोलार रोड, अकबरपुर, मेन कोलार रोड, भोपाल -462042 फोन : 0755-4249988, 4243700, 4203836
पंजाब एण्ड सिंध बैंक के लिए मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सलाहकार/वास्तुकार/वास्तुकला फर्म के रूप में सूचीबद्ध होने हेतु योग्य व्यक्तियों/फर्मों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 14.01.2026 है। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट https://punjabandsind.bank.in/module/tender-list देखें ।
आंचलिक प्रबंधक, भोपाल

## बिजनेस साइट

### पेट की आंत से नई आहार नली बनाकर श्री बालाजी हॉस्पिटल ने युवक को दिया नया जीवन



**रायपुर।** मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने एक अत्यंत जटिल सर्जरी कर दंतेवाड़ा निवासी 38 वर्षीय पंकज महापात्र को नया जीवन दिया है। मरीज की आहार नली पूरी तरह खराब हो चुकी थी, जिसके बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने पेट की आंत का उपयोग कर नई आहार नली तैयार की।डॉ. पुष्पेंद्र नायक के नेतृत्व में की गई जांच में मरीज को आहार नली की दुर्लभ बीमारी डाइवर्टिकुलम (Diverticulum) होने का पता चला। हालत गंभीर होने पर मरीज को तुरंत वेंटिलेटर पर रखा गया। डॉक्टरों ने साहसिक निर्णय लेते हुए छाती और पेट के हिस्से से नई आहार नली बनाई। सर्जरी के बाद मरीज लगभग 7 दिनों तक वेंटिलेटर पर रहा। विशेषज्ञ चिकित्सकों की सतत निगरानी के बाद अब मरीज पूरी तरह स्वस्थ है और सामान्य रूप से भोजन कर पा रहा है। इस सफल ऑपरेशन में सर्जिकल टीम, एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर टीम का अहम योगदान रहा। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि बचपन से निगलने में परेशानी या बार-बार उल्टी की समस्या को नजरअंदाज न करें, यह गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है।

### ठंड में नसों व जोड़ों का दर्द बढ़ा, समय पर इलाज जरूरी : मिरैकल्स होम्योपैथी

**रायपुर।** ठंडी के मौसम में नसों पर दबाव एवं जोड़ों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ जाती हैं। इस कारण लोगों को दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, सुन्नपन, अधिक चलने या खड़े होने पर दर्द तथा बैठकर उठने में कठिनाई जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सकों के अनुसार ठंड में स्लिप डिस्क, सायटिका, सर्वाइकल स्पॉन्डिलॉसिस, कमर दर्द, गर्दन व कंधे का दर्द, एड़ी दर्द, लकवा, घुटनों का दर्द (ऑस्टियोआर्थराइटिस), पैरों में सूजन, सीढ़ी चढ़ने-उतरने में दर्द, घुटनों से कट-कट की आवाज, यूरिक एसिड व RA फैक्टर बढ़ना तथा वैरिकोज वेन्स (नीली नसों का गुच्छा) जैसी समस्याएं अधिक देखने को मिलती हैं। मिरैकल्स होम्योपैथी के प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी. – होम्योपैथी मेडिसिन) एवं डॉ. एस. चौरसिया (एम.एस. – पाइल्स रोग विशेषज्ञ) का कहना है कि ठंड के मौसम में समय पर सही उपचार से नसों के दबाव व जोड़ों के दर्द में प्रभावी राहत संभव है और मरीज फिर से बिना दर्द हर कदम चल सकता है। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि ठंड में दर्द को नजरअंदाज न करें, शरीर को गर्म रखें और आवश्यकता होने पर विशेषज्ञ से परामर्श लें।

### एक्सिस बैंक और गूगल पे ने लांच किया 'फ्लेक्स'

**रायपुर।** एक्सिस बैंक और गूगल ने मिलकर आज 'गूगल पे फ्लेक्स एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड' लांच किया है। यह एक यूपीआई-आधारित को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसे भारत की बदलती वित्तीय जरूरतों को सरल और बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

रुपे नेटवर्क पर आधारित यह कार्ड क्रेडिट अनुभव को उतना ही सहज बनाने का लक्ष्य रखता है, जितना कि लोग रोज़ाना यूपीआई भुगतान करते हैं। यह गूगल पे के सुरक्षित अनुभव और एक्सिस बैंक की विश्वसनीय बैंकिंग विशेषज्ञता का एक अनूठा संगम है। यह कार्ड 'फ्लेक्स बाय गूगल पे' के तहत पहली पेशकश है, जो गूगल का क्रेडिट को अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक नया कदम है।

### डिजिटल मार्केटिंग व एमएसएमई के लिए मार्केट लिंकिज पर कार्यशाला



**रायपुर।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार की आरएएमपी योजना के अंतर्गत "डिजिटल मार्केटिंग एवं एमएसएमई के लिए मार्केट लिंकिज" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन बुधवार को पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीएई), छत्तीसगढ़ स्टेट चैप्टर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) एवं IGKV R-ABI के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निखिल अग्रवाल, सदस्य, PHDCCI छत्तीसगढ़ स्टेट चैप्टर द्वारा स्वागत भाषण से हुई। अपने संबोधन में उन्होंने प्रतिभागियों, वक्ताओं एवं विशिष्ट अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया तथा वर्तमान तेजी से बदलते व्यावसायिक परिवेश में MSMEs की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने हेतु ऐसे कार्यशालाओं की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं ई-कॉमर्स की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया।

मुख्य वक्तव्य में डॉ. हुलास पाठक, हेड एवं प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर–सीईओ, IGKV R-ABI ने ई-कॉमर्स, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं ऑनलाइन विज्ञापन के माध्यम से मजबूत बाजार संपर्क विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन श्री सुमित दुबे, रेजिडेंट डायरेक्टर, PHDCCI, छत्तीसगढ़ स्टेट चैप्टर द्वारा प्रस्तुत किया गया।




# जंगल में पेड़ पर लटका मिला नवविवाहिता का शव

**धमतरी।** शौच जाने के लिए निकली एक नवविवाहिता का शव संदिग्ध हालत में जंगल में फांसी के फंदे पर लटका मिला है। पुलिस व परिजनों के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम उरपुटी निवासी चांदनी कमार उम्र 22 वर्ष पति उसवन की शादी पांच माह पहले जुलाई में हुई थी। मृतिका का मायका अमलीपारा दल्लीराजहरा है। शादी के बाद महिला ससुराल उरपुटी आ गई। सोमवार की सुबह चांदनी अपनी सास को शौच जाने की बात कहकर घर से जंगल के लिए निकली थी जो शाम तक वापस घर नहीं लौटी। महिला के नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास उसकी तलाश शुरु कर दी। लेकिन रात तक महिला की कोई जानकारी नहीं मिली। दूसरे दिन मंगलवार की सुबह लापता नवविवाहिता का शव गांव से दो किमी दूर भेलवाकोना के जंगल में पेड़ पर साड़ी के फंदे में लटकी मिली।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER RCD, ROAD DIVISION, JAMSHEDPUR, JHARKHAND**

e-Procurement Notice
For National Competitive Bidding
(2nd Call)
e-Tender Reference No. RCD/JAMSHEDPUR/2650, Date-24.12.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Reconstruction of Road from Kating More to Hurumbil via Samajobra Dandudih Road (Job No. CRF-JHR-2025-26 FY 2025-26 (Total Length 19.135km) |
| 2. | Estimated Cost of Work (in INR) | Rs 54,92,17,051.16 (Rupees Fifty Four Crore Ninety two Lakh seventeen thousand fifty one rupees & paise sixteen Only) |
| 3. | Initial Bid Security ( Rs In Lacs ) | Rs 55.00 Lakh (Rupees Fifty Five Lakh only). |
| 4. | Initial Bid Security in the shape of | Initial Bid Security - As per SOP issued by Information Technology and e-Governance Department, Govt. of Jharkhand vide Letter No.120, Dt. 03.10.2023 |
| 5. | Cost of Bidding documents | Rs 10,000.00 (Rs Ten Thousand) only. |
| 6. | Time of Completion | 12 (Twelve Months) |
| 7. | Date of Publication of Tender on website | 26.12.2025 at 12.30 P.M. |
| 8. | Start date of bidding | 26.12.2025 from 12.30 P.M. |
| 9. | Last date & Time for online bidding | 22.01.2026 up to 02.00 PM. |
| 10. | Type of Bid | Two envelope mode (Technical and Financial Bid) |
| 11. | Last date & time for receipt of Bid Security and other documents in Online form | 22.01.2026 Through e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in As per SOP issued by Information Technology and e-Governance Department, Govt. of Jharkhand vide Letter No.120, Dt. 03.10.2023 |
| 12. | Date & time for opening of Technical Bid | 27.01.2026 at 12.30 PM by Chairman e-Procurement Cell, Room No. 330 A, 3rd Floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi-834004. |
| 13. | Date & Time of Pre Bid Meeting | 02.01.2026 on 12.30 P.M. At Office of the Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, Engineers Hostel No.2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 14. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Jamshedpur, Road No.- 1, CH Area. |
| 15. | Contact no. of Procurement officer | 0657-2227724 |
| 16. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

*Above informations are only indicative. Detail NIT & SBD publised on Tender portal shall be final and mandatory. Details can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Superintending Engineer
- cum -
Executive Engineer
RCD, Road Division, Jamshedpur

PR.NO.369324 Road(25-26):D


# सक्ती अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में जिंदा जल गया युवक

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| सक्ती

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक वार्ड में एक युवक जिंदा जल गया। आसपास के लोगों समेत स्टाफ को जब तक इस घटना की जानकारी हुई तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। घटना का कारण ज्ञात नहीं हो पाया है। पुलिस फॉरेंसिक टीम की मदद से जांच पड़ताल कर रही है। घटना के संबंध में पुलिस से मिली



जानकारी के अनुसार सक्ती के 50 बिस्तर वाले शिशु मातृ अस्पताल के जनरल वार्ड से लगे आइसोलेशन वार्ड में सुबह करीब 11 बजे धुआं उठते दिखा। इस पर पास के मरीज और स्टाफ के लोग दौड़ते भागते पहुंचे। बताया जाता है कि उस वार्ड में कोई नहीं था, दरवाजा भीतर से बंद था। किसी प्रकार दरवाजा खोलकर भीतर पहुंचे तो वहां एक युवक बुरी तरह से जल चुका था और उसके प्राण पखेरू उड़ चुके थे। स्टाफ के लोगों ने प्रबंधन को इसकी जानकारी दी और तत्काल इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सक्ती पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

# जेवर साफ करने का झांसा देकर 10 लाख रुपए के जेवरात की ठगी

**महासमुंद।** जेवर साफ करने का झांसा देकर दो अज्ञात लोगों ने 10 लाख रुपए के जेवरात ठग लिए। शहर के पुराना सिविल लाइन रहने रहने वाली महिला इस मामले में महिला की कंगन और अंगूठी लेकर भाग निकले। मामले में महिला के पुत्र ने सिटी कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस को सिविल लाइन निवासी बीज भंडार संचालक और महिला के पुत्र आकाश चंद्राकर से मिली शिकायत के अनुसार 23 दिसंबर के 11.30 बजे दो अज्ञात व्यक्ति उनके घर आए, इस दौरान उसकी मां सरिता चंद्राकर घर में अकेली थी, जिससे उन्होंने कहा कि वे बर्तन और सोना-चांदी साफ सफाई करते हैं। उन्होंने पहले पीतल की बाल्टी को साफ करके दिखाया। फिर उसकी मां ने अपने हाथ में पहने सोने के 04 कंगन एवं अंगूठी को साफ करने के लिए दिया।


**झारखण्ड स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
का0: अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–प्रबन्ध निदेशक, झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, 455/A, रोड नं0–5, अशोक नगर, राँची।
E-mail – md_jsfdc@yahoo.co.in / mdjsfdc@gmail.com TOLL FREE NO. 18008891131

ई–निविदा सूचना संख्या ल0 व0 प0 प0 (के0 प0)–03/2026
वर्ष 2026 मौसम में झारखण्ड राज्य में संग्रहित होनेवाली केन्दू पत्ती की अग्रिम बिक्री हेतु ई–निविदा
अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना

निदेशानुसार विगत वर्ष की भांति वर्ष 2026 मौसम में झारखण्ड में संग्रहित होने वाली केन्दू पत्ती की प्रक्रयवार "शुद्ध एक मुश्त राशि" के आधार पर अग्रिम बिक्री हेतु ऑनलाईन ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें वेब पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in पर ऑनलाईन निम्न विवरण अनुसार प्राप्त की जायेंगी।

| निविदा चक्र (निविदा रिफरेन्स सं0) | समय | निविदा अभिलेख डाउनलोड एवं समर्पण की तिथि | विक्रय समिति की बैठक की तिथि |
|---|---|---|---|
| ग्यारहवाँ चक्र (KL/11/2026) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0 | 02.01.2026 05.01.2026 | 07.01.2026 |
| बारहवां चक्र (KL/12/2026) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0 | 09.01.2026 15.01.2026 | 16.01.2026 |
| तेरहवां चक्र (KL/13/2026) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0 | 17.01.2026 20.01.2026 | 21.01.2026 |

क्रेता पंजीकरण पत्र, निविदा शुल्क, सत्यंकर राशि, निविदाकार का करारनामा, आयकर विभाग द्वारा निर्गत PAN की अभिप्रमाणित प्रति, पिछले तीन लेखा वर्षों के आयकर रिटर्न की अभिप्रमाणित प्रतियाँ, GST निबंधन संख्या के प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित प्रति, विगत् लेखा वर्ष के GST रिटर्न की प्रति तथा अपलोड किये गये अन्य दस्तावेज की एक–एक प्रति निविदादाता विक्रय समिति की बैठक की तिथि के एक दिन पूर्व (3.00 बजे अपराह्न) तक प्रमण्डलीय प्रबन्धक के कार्यालय में जमा करेंगे। समस्त इच्छुक निविदाकारों को ऑनलाईन निविदा भरने हेतु Digital Signature Certificate प्राप्त करना अनिवार्य है।

विस्तृत जानकारी यथा निविदा प्रपत्र, लॉट सूची, निविदाकार का करारनामा, निविदा से संबंधित शर्तें एवं बंधेज आदि वेब साईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन निविदा समर्पित करने के पूर्व निविदा प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें। अधिक जानकारी के लिये वन निगम के प्रमण्डलीय/अंचलीय कार्यालयों से तथा वन निगम मुख्यालय के निम्न पदाधिकारी/कर्मी से भी सम्पर्क कर सकते हैं :–

(1) उप निदेशक (विपणन), राँची, 9431105100 (3) श्री प्रसून कुमार, FPI, राँची, 9153989366
(2) उप निदेशक (मुख्यालय), राँची, 9431170318 (4) TOLL FREE NO. 18008891131

ह0/–
उप निदेशक (विपणन),
झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, राँची।

PR 369377 Jharkhand State Forest Development Corp Ltd(25-26)D



**भारत सरकार Government of India**
**भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र Bhabha Atomic Research Centre**
**मानव संसाधन विकास प्रभाग Human Resource Development Division**

एचबीएनआई, एक मानद विश्वविद्यालय के तत्वावधान में जुलाई-2026 से आरंभ होने वाले परमाणु ऊर्जा विभाग के डी. डी. एफ. एस. कार्यक्रम में प्रवेश कर, पी एच डी करने के लिए इंजीनियरिंग स्नातकोत्तरों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

Invites applications from Engineering Postgraduates for admission to DAE Doctoral Fellowship Scheme (DDFS) programme of Department of Atomic Energy (DAE ) for pursuing PhD, commencing from July-2026 under the aegis of HBNI, a Deemed to be University.

चयन एक द्वि चरणीय प्रक्रिया है: 1. ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) और स्नातकोत्तर शैक्षणिक रिकॉर्ड के माध्यम से चयन साक्षात्कार के लिए स्क्रीनिंग और 2 चयन साक्षात्कार में प्रदर्शन। **अंतिम चयन केवल चयन साक्षात्कार में योग्यता के आधार पर किया जाएगा।** मैकेनिकल, केमिकल, मेटलर्जिकल / मैटेरियल्स, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर, इंस्ट्रूमेंटेशन और सिविल इंजीनियरिंग में एम.ई/एम.टेक/समकक्ष डिग्री वाले अभ्यर्थियों से केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। एमसीए / आईटी डिग्री वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं। चयनित छात्रों को एचबीएनआई के पांच संघटक संस्थानों (सीआई) भापअ केंद्र (बार्क) मुंबई, आई.जी. सी. ए. आर. कल्पाक्कम, आईपीआर गांधीनगर, आर.आर.सी.ए. टी इंदौर एवं वीईसीसी कोलकाता में से एक में प्रवेश दिया जाएगा। चयनित छात्रों को 80,000/- रुपये प्रति माह की अध्येतावृत्ति और 60,000/- रुपये का वार्षिक आकस्मिक अनुदान दिया जाएगा। डीडीएफएस अभ्यर्थियों (केवल शोध छात्रों) के लिए सीएचएसएस के तहत चिकित्सा लाभ भी उपलब्ध हैं। पीएचडी कार्यक्रम के दौरान छात्रावास में रहना अनिवार्य है।

Selection is a two-step process: 1. Screening in to selection interview through online Computer Based Test (CBT) & post-graduation academic record and 2. Performance in selection interview. **Final selection will be based on the merit of performance in the selection interview only**. Only online applications will be accepted from candidates with M.E./ M.Tech./ Equivalent Degree in Mechanical, Chemical, Metallurgical / Materials, Electrical, Electronics, Computer, Instrumentation & Civil Engineering. Candidates with degrees in IT or MCA are not eligible. The selected students will be admitted to one of the five Constituent Institutions (CIs) of HBNI: BARC Mumbai, IGCAR Kalpakkam, IPR Gandhinagar, RRCAT Indore and VECC Kolkata, based on the research proposals received from the various constituents. The selected students will be awarded Fellowships of 80,000/- per month and an annual contingency grant of 60,000/- Medical benefits under CHSS are also available for DDFS fellow only. Hostel accommodation is mandatory during PhD programme.

अर्हता डिग्री: अभ्यर्थियों को भारत का नागरिक होना चाहिए और एम.ई./एम. टेक/समकक्ष डिग्री के साथ-साथ बी.ई. / बी. टेक में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्रतिशत (या 10.0 या समकक्ष के पैमाने पर न्यूनतम 6.0 सीजीपीए) होने चाहिए। एम.ई./एम. टेक के अंतिम सेमेस्टर के अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं, लेकिन यदि ऐसे अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है, तो उन्हें 31 दिसंबर, 2026 तक अपनी मास्टर डिग्री के प्रमाण पत्र और अंक पत्र उपलब्ध कराने होंगे।

Qualifying Degree: **Candidates must be an Indian citizen and have minimum 60% Marks (or minimum of 6.0 CGPA on the scale of 10.0 or equivalent) as per the ordinances of the respective university** in M.E/M.Tech./Equivalent Degree as well as B.E./B.Tech. Candidates in the final semester of M.E./M.Tech may also apply but such candidates, if selected, must provide certificates and mark sheets of their Master Degree, by December 31, 2026. **The candidates who have acquired M. Tech. after obtaining the M. Sc. Degree are NOT eligible for DDFS-2026 programme.**

आयु सीमा: 1 अगस्त, 2026 को आयु सीमा 28 वर्ष है अतः सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी का जन्म 1 अगस्त, 1998 को या उसके बाद हुआ होना चाहिए। आयु सीमा में ओबीसी - एनसीएल के लिए तीन वर्ष और एससी / एसटी आवेदकों के लिए पांच वर्ष की छूट है। सभी श्रेणियों के दिव्यांग व्यक्ति (40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग) के लिए 10 वर्ष की अतिरिक्त आयु छूट के लिए पात्र हैं।

Age limit: The age limit is 28 yrs. as on Aug. 1, 2026 and hence should have been born on or after Aug. 1, 1998 for general category. Age limit is relaxable by three years for OBC-NCL and by five years for SC/ST applicants. Persons with Disability (with 40% or more disability) of all categories are eligible for additional age relaxation of 10 years.

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए, https://www.barcocesexam.com को देखते रहें।**
**To Apply Online, visit the website https://www.barcocesexam.com**

- ऑनलाइन आवेदन पॉर्टल आरंभ होने की तिथि: 22 दिसंबर, 2025 Launch of Online Application Portal: Dec. 22, 2025*
- स्क्रीनिंग परीक्षा (सीबीटी) 14 एवं 15 मार्च 2026*
- Screening Examination (CBT): 14th & 15th March 2026*
- आवेदन की अंतिम तिथि: 21 जनवरी, 2026*
- Last Date for Online Application: Jan. 21, 2026*
- चयन साक्षात्कार: जून 2026
- Selection Interviews: June 2026*

● सभी तिथियां संभावित तिथियां हैं और अभ्यर्थियों को अद्यतन सूचना के लिए नियमित रूप से https://www.barcocesexam.in वेबसाइट को देखते रहें। All dates are tentative and candidates are required to regularly visit the website https://www.barcocesexam.in for updates.

CBC- 48103/12/0009/2526


# केबल चोर गिरोह का पर्दाफाश 11 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चाम्पा

सायबर सेल एवं अकलतरा पुलिस की संयुक्त टीम ने अंतरजिला केबल तार चोरी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 12 टन चोरी का केबल व बिजली तार, चोरी में प्रयुक्त गैस कटर, वायर कटर, ट्रक कंटेनर, एक बोलेरो नियो वाहन एवं दो मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त सामान की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1 करोड़ 11 लाख रुपये आंकी गई है, जिसमें केवल तार की कीमत लगभग 80 लाख रुपए बताई जा रही है।

थाना अकलतरा में इस संबंध में अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध होने पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी



एवं गिरफ्तारी के निर्देश दिए। 23 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रक कंटेनर में भारी मात्रा में चोरी का बिजली तार लोड कर उसे दूसरे राज्य खपाने की तैयारी की जा रही है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सायबर सेल प्रभारी एवं थाना अकलतरा प्रभारी की संयुक्त टीम ने जांजगीर जेल के पीछे शासकीय स्कूल के पास मुख्य मार्ग पर संदिग्ध कंटेनर को रोककर जांच की। जांच के दौरान कंटेनर से भारी मात्रा में बिजली तार केबल, गैस कटर एवं सिलेंडर बरामद किए गए।

## ये पकड़े गए

गिरफ्तार आरोपियों में आसिफ रजा पिता नासिर खान, उम्र 24 वर्ष, निवासी पुरानी बस्ती नैला; लव डोंगरे पिता व्यासनारायण डोंगरे, उम्र 22 वर्ष, निवासी शारदा चौक जांजगीर; फिरोज खान पिता शब्बीर खान, उम्र 40 वर्ष, निवासी महरौली थाना गोरमी जिला भिंड (म.प्र.); मुकेश कुमार यादव पिता संजू यादव, उम्र 21 वर्ष, निवासी शारदा चौक जांजगीर; राहुल सोनी पिता रोहित सोनी, उम्र 27 वर्ष, निवासी खोखरा जांजगीर; राहुल कारके पिता भूषण प्रसाद कारके, उम्र 19 वर्ष, निवासी शारदा चौक जांजगीर; अभिषेक यादव पिता राजकुमार यादव, उम्र 25 वर्ष, निवासी जांजगीर; सुमित कारके पिता रमेश कारके, उम्र 18 वर्ष, निवासी जांजगीर; राकेश सूर्यवंशी पिता पंचराम सूर्यवंशी, उम्र 19 वर्ष, निवासी खोखरा जांजगीर; विश्वनाथ सोनी पिता मोहित कुमार सोनी, उम्र 19 वर्ष, निवासी खोखरा जांजगीर तथा रवि कुमार कश्यप पिता राजू कश्यप, उम्र 20 वर्ष, निवासी शारदा चौक जांजगीर शामिल हैं।

# किसान की बाइक से ढाई लाख की उठाईगीरी

**महासमुंद।** बागबाहरा के वार्ड क्रमांक 5 स्थित चन्द्राकर मोटर वाइंडिग के सामने से से एक किसान की दोपहिया वाहन की डिक्की से दो लाख पैंसठ हजार की उठाईगिरी का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खैरटखुर्द निवासी किसान पीला राम साहू और उसका पुत्र पोखन साहू बैंक ऑफ बड़ौदा से पैसा निकालकर बागबाहरा के चंद्राकर मोटर वाइंडिग पहुंचें जहां उन्होने बोर पंप बनवाने दिया था। भुगतान करने जब उन्होनें डिक्की खोली तो पैसा नदारद था। किसान ने बताया कि चोरों ने डिग्गी से पैसा सहित आधार कार्ड, फोटो पासबुक भी चुरा ले गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरु की। पुलिस द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा से लेकर चंद्राकर मोटर वाइंडिंग शॉप तक के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।


**संचालनालय कोष एवं लेखा छत्तीसगढ़**
ब्लॉक-01, प्रथम तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर रायपुर
E-Mail ID- dir.treasury.cg@gov.in,
Website-ekoshonline.cg.gov.in, Phone No. 0771-2420015

**ई-प्रोक्योरमेंट Expression of Interest (EOI) आमंत्रण सूचना**

No.: को प्र / 192543/ FINACC/ 6589/ 2025/ 4246

नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 24/12/2025

शासकीय सेवको को वित्तीय संस्थाओ के माध्यम से वेतन के विरुद्ध ऋण उपलब्ध कराने हेतु वित्तीय संस्थाओं से अनुबंध (MOU) करने हेतु ऑनलाईन Expression of Interest (EOI) आमंत्रित की जाती है:-

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा क्र. 182321 दिनांक 24-12-2025)

(अ) Expression of Interest (EOI) जमा प्रारंभ तिथि
:- दिनांक 25/12/2025 समय प्रातः 10.00 बजे से

(ब) Expression of Interest (EOI) जमा करने की अंतिम तिथि
:- दिनांक 09/02/2026 समय अपरान्ह 03.00 बजे तक

(स) Expression of Interest (EOI) खोलने की तिथि
:- दिनांक 09/02/2026 समय अपरान्ह 04.00 बजे

Expression of Interest (EOI) की सामान्य शर्तें, Expression of Interest (EOI) दस्तावेज व अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://ekoshonline.cg.gov.in से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। Expression of Interest (EOI) में संशोधन एवं उक्त EOI के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना उपरोक्त वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

(संचालक द्वारा अनुमोदित)

संयुक्त संचालक
कोष एवं लेखा



epaper : www.haribhoomi.com
**हरिभूमि CLASSIFIED**
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## Appointment आवश्यकता

### सुरक्षागार्ड

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** कंप्यूटर ऑपरेटर 2 टेंडर कार्य, 20000 मार्केटिंग ऑफिसर 3, 40000 योग्यता MA/ MBA सुपरवाइजर 15, 15000 फील्ड अधिकारी 5, सुरक्षा गार्ड 66, 13000, 10000 वेतन योग्यतानुसार **संपर्कः- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालयः- 06-जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ीनाका रायपुर 7747000016, 7746000016, 7746000019.** (RO-348)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** कार चलाने हेतु एक कुशल ड्राइवर की आवश्यकता है। जिसको 4 से 5 साल का अनुभव हो। रायपुर स्थानीय निवासी को प्राथमिकता। वेतन 20,000 रू. **संपर्क करें- क्लासिक स्पार्कलर्स, बी.एस.एन.एल ऑफिस जय गोपाल सोसायटी, फाफाडीह चौक, रायपुर। फोनः 0771-4095884.** (RO-963)

**आवश्यकता है-** अनुभवी घरेलू ऑटोमेटिक कार ड्राइवर की, गायत्री नगर, अवंती नगर / शंकर नगर रायपुर के पास रहने वाले को प्राथमिकता । आवेदन करें, लायसेंस व आधारकार्ड के साथ । **सम्पर्क मोबाइल 9977703216.** (RO-955)

### कम्प्यूटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य कम्प्यूटर ऑपरेटर 01 पद, एकाउंटेड 01 पद योग्यता स्नातक + कंप्यूटर अनुभवी को प्राथमिकता हिंदी /अंग्रेजी टाइपिंग अनिवार्य वेतन योग्यतानुसार- पांच अंको में **पता -जय महामाया ट्रेवल, उपरवारा, अटल नगर नया रायपुर मो. - 9685545594, 9340686016** (RO-6512)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### सेल्सकर्मी/इंजीनियर

**आवश्यकता है-** सीमेंट सेल्स एक्जीक्यूटिव , और इंजीनियर की और टेलिकालिंग हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। **पता- संतोषी कंस्ट्रक्शन नियर गोल चौक अरपा परिसर शॉप नंबर 17 कबीर नगर रायपुर संपर्क करें- 9039358650, 8815464571.** (RO-6517)

### अकाउंटेंट

**आवश्यकता है-** 2 अनुभवी अकाउंटेंट की आवश्यकता है विधानसभा चौक के पास वेतन योग्यता अनुसार संपर्क **8602110001, 9439637208.** (RO-6515)

### सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** बैंगल की दुकान में कार्य करने हेतु सेल्स गर्ल की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करे द बैंगल स्टूडियो शुभम 'केमार्ट के सामने संतोषी नगर रायपुर मो. 93028-22500.** (RO-122)

### सेल्समैन/अकाउंटेंट

**आवश्यकता है-** रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु सेल्समैन, महिला एवं टैली अकाउंटेंट (फीमेल) की आकर्षक वेतन **संपर्क करें राजेश होजियरी, फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर 1 पंडरी रायपुर 9407923601, 9826908201.** (RO-121)

### सेल्समैन/सप्लायर

**आवश्यकता है-** एजेंसी में काम करने हेतु ऑफिस स्टाफ (पुरुष एवं महिला), सेल्समैन एवं सप्लायर की आवश्यकता है। (वेतन योग्यता अनुसार +रहने की सुविधा) **संपर्क- अंबिका इंडस्ट्रीज, प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर 99934-33481, 79870-90041.** (RO-438)

### अधिवक्ता

**आवश्यकता है-** भिलाई में लीगल कार्य हेतु अधिवक्ता की आवश्यकता है। कार्य फुलटाईम/ पार्टटाईम वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा **वॉट्सऐप करें :-मों.- 99078-47688.** (आरो4127)

### मैनेजर/सुपरवाइजर

**आवश्यकता है-** अचार पापड़ एवं बड़ी फैक्ट्री में बनाने और पैकिंग कार्य हेतु महिलाओं की आवश्यकता है। मैनेजर- 01 Post 25 K सैलरी, सुपरवाइजर 01 Post 20 K सैलरी, पैकिंग लेबर 06 Post 10 से 12 K सैलरी अपने बायोडाटा को नीचे दिए गए नंबर पर Send करें। आधार कार्ड , निवास प्रमाण पत्र , (मार्कशीट की कॉपी) की प्रति के साथ **पता- बंजारी मंदिर रोड, रावांभाटा मो. 9174832566** (RO-6513)

### साफ सफाई कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में साफ सफाई और अन्य कार्य के लिए लड़कों की आवश्यकता है **संपर्कः शॉप नंबर-19 प्रथम तल, समवेत शिखर परिसर, रजबंधा मैदान, रायपुर 7974909530.** (RO-om)

### नर्सिंग स्टॉफ

**आवश्यकता है-** शहर के प्रतिष्ठित संस्थान द कॉस्मे केयर में नर्सिंग स्टॉफ 2पद, क्लीनिकल असिस्टेंट 2पद एवं रिसेप्शनिस्ट 2पद की तत्काल आवश्यकता है। **सम्पर्क करें- विधानसभा रोड स्वर्णभूमि रायपुर 9753808436** (RO-39483)

### हेल्पर

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री। **पता- बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534.** (RO-39436)

### ऑफिस कार्य

**शीघ्र आवश्यकता है-** जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के , आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री +गाड़ी किराया +कोई शुल्क नहीं लगेगा **संपर्क 7880003190, 7880003160.** (RO-521)

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 तक अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -12000 रहना खाना फ्री , ट्रेनिंग के बाद कमाए 20 से 25 हजार महीना **सम्पर्क करें- 6261667355, 9111300616** (Ro- 524)

## Business व्यापार

**निशुल्क प्रशिक्षण (बिजनेस)-** घर से ऑनलाइन-ऑफलाइन काम करने का व्यवसायिक अवसर। 25 वर्षों के अनुभवी कोच द्वारा रायपुर में निशुल्क प्रशिक्षण। रजिस्ट्रेशन हेतु अपने डिटेल्स व्हाट्सएप करें। **मो.- 92292-63207** (आरो नं.- 10333)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबरः- **8168338503, 8168338503.** (RO-435)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट बेचना है -** कमर्शियल प्लाट बेचना भाठागांव से काठाडीह रोड देशी दारू भट्टी के पहले बस स्टैंड से 2 किलोमीटर के दूरी में , कमर्शियल डायवर्सन बैंक फाइनेंस का सुविधा ,होटल,हॉस्पिटल, या व्यवसायिक कंपलेक्स हेतु उपयोग **संपर्क करें 8871579481.** (RO-4053)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### दुकान

**बेचना है-** प्रीमियम शॉप **स्पेस फॉर सेल** शहीद स्मारक काम्पलेक्स अपोजिट नवभारत प्रेस ग्राउंड फ्लोर 02 शॉप प्रत्येक शॉप 550 स्क्वायर फीट **संपर्क- 9431103284, 9955712450.** (RO-6595)

## Available उपलब्ध

### सुपर मार्केट सेटअप

**बिक्री-** बिक्री हेतु पूरा सुपर मार्केट सेटअप उपलब्ध है डिस्प्ले रैक, चिलर, फ्रिज, इलेक्ट्रिकल ट्यूबलाइट्स, कैश काउंटर एवं अन्य फिक्स्चर। अच्छी तरह से मेंटेन किया हुआ। **स्थानः श्याम नगर, रायपुर** Whatsapp **8591607162.** RO-6516)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

RAIPUR Smart BUSINESS
GST रजिस्ट्रेशन नम्बर बनवाएं मात्र 3 दिन में
5 साल पुरानी ITR फाइल बनवाएं मात्र 5000/- में (व्हाट्सएप पर बनवाएं) www.onlytds.com
GST-Return
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
TDS रिफंड
CMA DATA
MSME रजिस्ट्रेशन
Food लाइसेंस
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
6263818152

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330


छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
विश्वास गौरव निर्माण
छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता
श्रद्धेय
अटल बिहारी वाजपेयी जी
की जयंती के उपलक्ष्य में
मनाए जाने वाले
सुशासन दिवस की
समस्त प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं
सामाजिक-सांस्कृतिक स्थलों के रूप में
115 शहरों में अटल परिसर
का लोकार्पण
400 से अधिक
प्रशासनिक सुधार से
निवेश की राह आसान
6,090 पंचायतों में
अटल पंचायत
डिजिटल सुविधा केंद्र
पारदर्शिता लाने
सुशासन एवं अभिसरण विभाग
का गठन
सुशासन के मंत्र से
संवर रहा छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

विजय हजारे ट्राफी : रोहित की सेंचुरी, वैभव और गनी के तूफान में उड़े रिकॉर्ड, कोहली ने रचा कीर्तिमान

# क्रिकेट में नया इतिहास : तीन धुरंधर बल्लेबाजों ने 40 से कम गेंदों में लगाई तूफानी सेंचुरी



## कोहली ने सबसे तेज 16 हजार रन बनाकर तोड़ा तेंदुलकर का रिकॉर्ड

**बेंगलुरु।** विराट कोहली ने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 16 हजार रन पूरे करके दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कोहली ने यह उपलब्धि विजय हजारे ट्रॉफी के एक मैच में हासिल की। वह 330 पारियों में इस मुकाम पर पहुंचे जबकि तेंदुलकर ने 391 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। दिल्ली की तरफ से खेल रहे कोहली ने आंध्र के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। दिल्ली और आंध्रप्रदेश के बीच हुए मुकाबले में दिल्ली चार विकेट से जीता।

एजेंसी ▶▶| रांची

विजय हजारे ट्राफी में बुधवार को 40 से कम गेंदों में तीन सेंचुरी लगी। प्लेट लीग में बिहार के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और कप्तान साकिबुल गनी ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। सूर्यवंशी ने 36 गेंद एवं ईशान किशन ने 33 बॉल और गनी ने 32 गेंद में शतक बनाए। वहीं इस ट्राफी में रोहित शर्मा ने लिस्ट ए में अपने कॅरियर का सबसे तेज शतक लगाया और मुंबई को जीत दिलाई। उन्होंने सिक्किम टीम के खिलाफ तूफानी पारी खेली। विराट कोहली ने कम मैचों में 16 हजार रन पूरे किए और दिग्गज सचिन तंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा।

## बिहार टीम ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



रांची। बिहार ने विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में छह विकेट पर 574 रन बनाए, जो लिस्ट ए में एक पारी में सर्वाधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड है। प्लेट ग्रुप के इस मैच में बिहार के बल्लेबाजों ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बिहार ने अपनी पारी में 49 चौके और 38 छक्के लगाए।

## गनी ने सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड किया अपने नाम

जेएससीए ओवल ग्राउंड में विजय हजारे ट्रॉफी के अंतर्गत बिहार और अरुणाचल प्रदेश के बीच मुकाबले में बिहार के कप्तान सकिबुल गनी ने लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। गनी ने विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सकिबुल गनी ने मात्र 32 गेंद पर शतक लगाया। लिस्ट ए क्रिकेट का ये सबसे तेज भारतीय शतक है। सकिबुल गनी ने 40 गेंदों पर 12 छक्कों और 10 चौकों की मदद से नाबाद 128 रन की पारी खेली। कप्तान सकिबुल गनी के अलावा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए आयुष लोहारुका ने भी शतक लगाया।

## ईशान ने ठोका 33 गेंदों में शतक

ईशान किशन ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक के खिलाफ 33 गेंदों में शतक ठोक दिया। वह लिस्ट ए फॉर्मेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय प्लेयर्स में से एक बन गए हैं। 50 ओवर के फॉर्मेट में अपने टॉप-ऑर्डर रोल से हटकर इशान झारखंड के लिए 38वें ओवर के आखिर में नंबर छह पर बल्लेबाज़ी करने आए और अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड बी में एक शानदार शतक बनाया। उन्होंने 14 छक्के लगाए। उनकी पारी से झारखंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 412 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। कर्नाटक ने लिस्ट ए क्रिकेट के शानदार रन चेज हासिल किया। झारखंड के विशाल लक्ष्य को भेद कर जीत के साथ शुरुआत की।

लिस्ट 'ए' में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज

| बॉल | खिलाड़ी | सन |
|---|---|---|
| 32 | साकीबुल गनी | 2025 |
| 33 | इशान किशन | 2025 |
| 35 | अनमोलप्रीत सिंह | 2024 |
| 36 | वैभव सूर्यवंशी | 2025 |
| 40 | यूसुफ पठान | 2010 |
| 41 | उर्विल पटेल | 2023 |
| 42 | अभिषेक शर्मा | 2021 |

## रोहित की हिटमैन शैली में शतकीय पारी




**जयपुर।** सात साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी खेलने वाले रोहित शर्मा ने बिल्कुल 'हिटमैन' शैली में शतकीय पारी खेलकर गुलाबी शहर के क्रिकेटप्रेमियों के लिये क्रिसमस की पूर्व संध्या पर शानदार तोहफा दिया। इस मुकाबले को देखने के लिये 20 हजार से ज्यादा लोग स्टेडियम में जमा थे और सभी के लिए वजह सिर्फ एक थी ..रोहित शर्मा । रोहित ने अपने कैरियर का 37वां लिस्ट ए शतक जमाते हुए 93 गेंदों में 155 रन बनाए । इस पारी में उनके शानदार पूल, हवाई शॉट्स और स्वीप शॉट देखने को मिले। ऐसा लग रहा था कि लोग अपने पसंदीदा गायक के कन्सर्ट में आए हैं, जो एक के बाद एक हिट गाने सुना रहा है। स्टेडियम से रवाना होने तक रोहित के बल्ले से निकले 18 चौके और नौ छक्के उन्हें संतुष्ट करने के लिए काफी थे।सिक्किम ने सात विकेट पर 236 रन बनाए । रोहित ने सिक्किम के अनुभवहीन गेंदबाजों के सामने 62 गेंद में शतक और 91 गेंद में 150 रन बनाए। वह क्रांति कुमार की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देकर लौटे। मुंबई ने सिक्किम को हराया

## वैभव ने 36 गेंद में लगाई सेंचुरी



**रांची।** वैभव सूर्यवंशी ने अपने कौशल का अद्भुत नजारा पेश करते हुए बिहार की तरफ से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे प्लेट ग्रुप मैच में 84 गेंदों में 190 रन बनाए, जिसमें 15 छक्के शामिल हैं। इस 14 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सूर्यवंशी ने केवल 36 गेंदों में शतक पूरा किया। इस तरह से वह लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में दूसरे नंबर पर काबिज हो गए हैं। भारतीय रिकॉर्ड पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह के नाम है, जिन्होंने 2024 में इसी टीम के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाया था। सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 15 छक्कों के अलावा 16 चौके भी जड़े। इस प्रारुप में सबसे तेज शतक का विश्व रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर मैकगर्क (29 गेंद) के नाम पर दर्ज है। उन्होंने 2023-24 के सत्र में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए तस्मानिया के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया था।

खबर संक्षेप



## विवाह बंधन में बंधी वीनस एंड्रिया प्रेटी से की शादी

**पाम बीच।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने एंड्रिया प्रेटी से शादी कर ली है। वीनस ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। वीनस और प्रेटी फ्लोरिडा के पाम बीच में सप्ताहांत में पांच दिवसीय समारोह के विवाह बंधन में बंधे। जुलाई में टूर स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बनने के बाद 45 वर्षीय वीनस ने डीसी ओपन में स्टैंड में मौजूद अपने मंगेतर का आभार व्यक्त किया था।

# एशेज श्रृंखला : आर्चर दो मैच से बाहर, इंग्लैंड की बढ़ीं मुश्किलें

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

इंग्लैंड के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो एशेज टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाएंगे। टीम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे इंग्लैंड की मैदान और मैदान से इतर की समस्याएं और बढ़ गई हैं।

इसमें उसके सलामी बल्लेबाज बेन डकेट पर नशे में धुत होकर रास्ता भटकने का आरोप भी शामिल हैं। ती स वर्षीय आर्चर पिछले चार वर्षों से पीठ और दाहिनी कोहनी में स्ट्रेस फ्रैक्चर सहित कई तरह की फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने भारत के खिलाफ लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की और उसके बाद वह शानदार फॉर्म में थे।



## चौथा टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में कल से

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में शुरू होगा जबकि पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच चार जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में अभी 3-0 से आगे है और उसने एशेज अपने पास बरकरार रखी है। आर्चर एमसीजी में अभ्यास सत्र के लिए मैदान पर पहुंचे, लेकिन उन्होंने अभ्यास नहीं किया। बाद में टीम के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि वह दौरे के बाकी बचे दो मैच से बाहर हो गए हैं। आर्चर ने पर्थ, ब्रिस्बेन और एडिलेड में खेले गए मैचों में कुल 80 ओवर गेंदबाजी की थी, जिसमें उन्होंने 27.11 की औसत से नौ विकेट लिए। उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में पहली पारी में 53 रन देकर पांच विकेट लिए और 51 रन बनाए।

## चौथे टेस्ट के लिए किया टीम का ऐलान

इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम की घोषणा की जिसमें आर्चर की जगह गस एटकिंसन को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। इसके अलावा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले ओली पोप की जगह जैकब बेथेल को टीम में लिया गया है। पोप का इस श्रृंखला में बल्लेबाजी औसत 20.83 है। डकेट ने श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है। इंग्लैंड टीम में जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, जोश टोंग।

सीनियर बैडमिंटन राष्ट्रीय चैंपियनशिप

## उन्नति, तन्वी, संस्कार और चौहान ने जीते मुकाबले

**विजयवाड़ा।** बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, तन्वी शर्मा, रौनक चौहान और संस्कार सारस्वत ने 87वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने मुकाबले जीत लिए। शीर्ष वरीय उन्नति को पहले दौर में बाई मिली थी, उन्होंने वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाली आकांक्षा माटे को 21-8, 21-18 से जबकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी ने शाइना मानिमुथु पर 21-10, 21-14 से जीत हासिल की। संस्कार ने भी पुरुष एकल में शिखर रालन पर 21-11, 21-13 की जीत से अभियान शुरू किया। अनुभवी आकर्षि कश्यप और अस्मिता चालिहा ने भी अगले दौर में जगह बनाई। आकर्षि ने एशियाई अंडर-17 चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता लक्ष्या राजेश को 21-7, 21-9 से जबकि अस्मिता ने काव्या मार्वानिया को 21-7, 21-11 से मात दी।



25 दिसम्बर को लगभग सारी दुनिया में प्रभु यीशु के जन्म या क्रिसमस के रूप में मनाया जाता है। यीशु का जन्म कोई कहानी या कल्पना नहीं थी क्योंकि यीशु इस संसार के इतिहास का केंद्र है। समय का विभाजन भी यीशु के जन्म पर आधारित है। यीशु के आगमन के पूर्व का समय ईस्वी पूर्व (बी.सी.) तथा बाद का ईस्वी सन (ए.डी.) कहलाता है। किसी ने इस प्रकार कहा हैः विश्व के प्रमुख तथ्यों व मानव इतिहास के महान पुरुषों का वर्णन करने वाले ग्रंथ 'एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटानिका' में अरस्तू, सिकंदर महान, प्लेटो आदि महान पुरुषों के बारे में मात्र एक-एक पृष्ठ किंतु प्रभु यीशु मसीह के बारे में 40 पृष्ठ लिखे गए हैं। आखिर ऐसी क्या अनोखी बात है प्रभु यीशु में, जो उसे सब लोगों से अलग करती है?

**प्रभु यीशु अनोखा क्यों है? बेमिसाल क्यों है?** जबकि वह एक छोटे से गांव के गौशाले में पैदा हुआ। उसकी माता एक साधारण परिवार की महिला थी। लोग जिसे उसका पिता कहते थे वह एक बढ़ई मात्र था। जीवन के प्रथम 30 साल उसने एक गांव में गुज़ारे। वहां उसने अपने पिता की कार्यशाला में काम किया। जीवन के अंतिम तीन साल वह एक प्रचारक रहा। उसने कभी कोई पुस्तक नहीं लिखी। वह कभी कॉलेज नहीं गया। उसका न तो कोई परिवार था न ही कोई मकान। वह कभी किसी बड़े शहर में नहीं रहा। अपने गांव की सीमा से 125 मील से अधिक दूर उसने कभी यात्रा नहीं की। फिर करीब 2025 वर्ष बीत जाने के बाद आज भी यह व्यक्ति यीशु मानव इतिहास का केंद्र बना हुआ है। क्या कारण है कि इजराइल देश के सबसे छोटे गांव बेतलहम में जन्म लिया यीशु संसार के लोगों को सबसे अधिक प्रभावित किया है। क्यों आज संसार में सबसे अधिक लोग उसके अनुयायी हैं। यीशु के 12 शिष्यों में अधिकांश को इसीलिए यातना और पीड़ित करके मारा गया क्योंकि उन्होंने यीशु के मृत्यु के बाद उन्हें जिंदा देखा था और उन्होंने गवाही दी कि जिस यीशु को तुम लोगों में क्रूस पर मार डाला हमने उसे जीवित देखा है।

# यीशु मसीह कौन है

# एक मनुष्य या परमेश्वर ?

**आखिर क्यों यीशु अनोखा है ?**

**1. यीशु अनोखा है उसके वचनों (कथनों) के कारण** – यीशु की लोकप्रियता बढ़ रही थी। लोग उसके पीछे चलने लगे थे, उसकी बातें सुनने को बड़ी भीड़ जमा होने लगी थी। जगह-जगह उसकी चर्चा थी। इससे फरीसी व महायाजक चिंतित व घबराए हुए थे। उन्होंने मंदिर के सिपाहियों को पूरे अधिकार व हथियारों से पूर्ण सुसज्जित कर यीशु को पकड़ने भेजा। सिपाही खाली हाथ लौटे। उन्होंने बताया कि यीशु के वचन अनोखे थे। "आज तक ऐसी बातें किसी ने कभी नहीं कहीं जैसी वह कहता है।" (यूहन्ना 7:46) प्रभु यीशु की बातों में, उसके शब्दों में, बात कहने के उसके तरीके में ऐसा अधिकार था कि हथियारबंद व अधिकार संपन्न ये सिपाही उसे पकड़े बिना खाली हाथ लौट आए। यीशु की बातें दुनिया की बातों से भिन्न थीं।

"चिकित्सक की ज़रूरत स्वस्थ व्यक्ति को नहीं, रोगी को होती है; मैं पृथ्वी पर धर्मियों को नहीं परंतु पापियों को मन फिराने के लिए बुलाने आया हूं कि वे पश्चाताप करें।" — लूका 5:31-32

"जैसे मनुष्य का पुत्र यहां इसलिये नहीं आया कि अपनी सेवा करवाए, परंतु इसलिये कि सेवा करे, और अनेकों की छुड़ौती के लिए अपना जीवन बलिदान कर दे।" — मत्ती 20:28

उसने कहा, "जो अपना प्राण बचाना चाहे वह उसे खोएगा, परन्तु जो अपना प्राण खोता है, वह उसे बचाएगा।" (मरकुस 8:35) "यदि कोई मर भी जाए फिर भी जीएगा।" (यूहन्ना 11:25) "जो प्रधान होना चाहे, वह सबका दास बने।" (मरकुस 10:44) यीशु ने इस संसार से बिलकुल भिन्न बातें कहीं। लोगों ने ऐसी बातें कभी नहीं सुनी थीं। यीशु की बातें पवित्र बाइबिल में पायी जाती हैं। एक बार गलील की झील में तूफान आया। प्रचंड वायु चली, नौका डगमगाई। तब यीशु आया। उसने आंधी को डांटा। पानी को शांत किया। उसने कहा "शांत रह। थम जा।" (मरकुस 4:39) लोगों ने अचरज से कहा "यह कौन है कि आंधी और पानी भी उसकी आज्ञा मानते हैं।" (मत्ती 8:27) जब यीशु बोलता है तो सृष्टि भी सुनती व मानती है। एक सूखे अंग वाला व्यक्ति जो कभी चला नहीं। यीशु ने उससे कहा, "उठ अपनी खाट उठाकर चल फिर" (यूहन्ना 5:8) और वह चलने लगा। यीशु के वचन मात्र से अंधे देखने लगते हैं। कह देने ही से लंगड़े चलने लगते हैं। शब्द उच्चारण मात्र से कोढ़ी शुद्ध हो जाते हैं। चार दिनों के मुर्दा लाज़र को यीशु ने पुकारा, 'हे लाज़र निकल आ' (यूहन्ना 11:43) और वह क़ब्र में से निकल आया। यीशु ने "हे लाज़र" इसलिये कहा क्योंकि यदि वह केवल "निकल आ" कहता तो सारे संसार की सारी क़ब्रें खुल जातीं और सारे मृतक निकल आते। इतना अधिकार है यीशु के वचनों में। यह सच है कि हमारी बोली हमारा भेद खोल देती है। प्रभु यीशु मसीह के बोलने में, उसके वचनों में अधिकार है। उसकी बोली उसका भेद खोल देती है कि वास्तव में - यीशु सृष्टिकर्ता है। यीशु मुक्तिदाता है। यीशु स्वयं परमेश्वर है।

**2. यीशु अनोखा हैः उसके व्यवहार के कारण-** "उसने गाली सुनते हुए गाली नहीं दी, दुःख सहते हुए भी धमकियां नहीं दी।" — 1 पतरस 2:23

प्रभु यीशु मसीह ने पापियों को नाश नहीं किया परन्तु उन्हें क्षमा किया। एक महिला व्यभिचार करते हुए पकड़ी गई। व्यवस्था के अनुसार उस पर पथराव होना चाहिए था परन्तु यीशु ने कहा कि व्यवस्था का पालन करने के लिए तुम उस पर पथराव तो करो लेकिन पहला पत्थर वही मारे जिसने कभी पाप न किया हो। इस प्रकार प्रभु ने उसे बचा लिया। यीशु इस संसार में आया, पापियों को बचाने के लिए, उद्धार देने के लिए। उसका संदेश था कि जो जैसा है, जहां है, जिस दशा में है, यदि मन फिरा ले तो परमेश्वर उसे स्वीकार करेगा। पापिनी स्त्री, व्यभिचारिणी महिला, सामरी स्त्री, हेरा-फेरी करने वाला, चोर, डाकू, हत्यारा इत्यादि सबको यीशु ने स्वीकारा, क्षमा किया। यीशु का संदेश था कि तुम्हें पापमय जीवन जीना नहीं है। पापों का बोझ उठाना नहीं है। मैं तुम्हारे लिये एक बेहतर जीवन लाया हूं। उसने पापियों को क्षमा किया। यहां तक कि जिन्होंने उसे क्रूस पर चढ़ाया था, उसे मारा था, क्रूस पर अपनी मृत्यु से पूर्व असहनीय पीड़ा सहते हुए भी उसने उनके लिये प्रार्थना की "हे पिता, इन्हें क्षमा कर क्योंकि ये नहीं जानते कि ये क्या कर रहे हैं।" (लूका 23:24) प्रभु यीशु मसीह आज भी संसार के सब लोगों को बुला रहा है कि उनके पापों को क्षमा करे, उन्हें मुक्ति दे, अनन्त जीवन प्रदान करे।



**3. यीशु अनोखा हैः उसके पाप रहित होने के कारण** – प्रभु यीशु मसीह कुंवारी मरियम के गर्भ से जन्मा। पवित्र आत्मा की सामर्थ्य से मरियम गर्भवती हुई थी और यीशु का जन्म एक पाप रहित प्रक्रिया से हुआ। वह 33 साल इस संसार में रहा। इन 33 सालों में उसने कभी कोई पाप नहीं किया। पाप रहित जन्म, पाप रहित जीवन था यीशु का। लोगों ने उसके विरुद्ध षड़यंत्र रचा, राजनैतिक नेताओं, धार्मिक अगुवों और न्यायपालिका के प्रमुखों ने उसे फंसाना चाहा। उसमें अपराध ढूंढ़ना चाहा परन्तु कोई उसमें किसी प्रकार का पाप न ढूंढ़ सके। यहां तक कि उसके विरोधी भी उसमें कोई दोष ढूंढ़ न पाए। पीलातुस ने अदालत में कहा "मैं इसमें कोई दोष नहीं पाता।"(लूका 23:14) रोमी सूबेदार ने उसकी मृत्यु को देखकर कहा "यह निश्चय ही परमेश्वर का पुत्र था।" (मत्ती 27:54) उसके साथ क्रूस पर सज़ा पा रहा डाकू कहता है, "इस मनुष्य ने कोई अपराध नहीं किया।" (लूका 23:4)

यहूदा इस्करियोती (जिसने उसे धोखा देकर पकड़वाया था) ने कहा, "मैंने निर्दोष का लहू बहाया है।" (मत्ती 27:4) प्रभु यीशु पाप रहित था, वह स्वयं परमेश्वर था, वह खोए हुओं को बचाने और पापियों का उद्धार करने आया था। एक टीकाकार ने कहा है "यदि आप यीशु के पीछे चलते हैं तो न केवल पाप रहित हो जाते हैं लेकिन पाप से रिक्त होते जाते हैं।"

**4. यीशु अनोखा हैः परिवर्तन लाने के कारण-** यीशु लोगों को बदल देता है। एक व्यक्ति था शाऊल जो मसीहियों को सताता था। चर्च पर सताव लाता था, मसीही अगुवों की हत्या में शामिल होता था। उसने प्रभु यीशु की आवाज़ सुनी। उसे स्वीकार किया और उसका जीवन बदल गया। वह मसीहियों को जोड़ने वाला, चर्च को स्थापित करने वाला बन गया। एक पापिनी स्त्री थी जो व्यभिचार में लिप्त थी, समाज में घृणा की पात्र थी। वह प्रभु यीशु से एक छोटी मुलाकात ही में पूरी तरह बदल गयी। उसकी प्रचारिका बन गयी। क्रूस पर एक डाकू लटका हुआ था। महज़ तीन घंटे यीशु के सम्पर्क में आकर उसका हृदय परिवर्तन हो गया। वह अनन्त जीवन का वारिस बन गया। कुछ साधारण मछुआरे थे। वे प्रभु की पुकार सुनकर उसके पीछे चले और संसार में उलट-फेर कर गए। यीशु की शिक्षाओं से विश्व को नयी दिशा देने वाले अगुवे बन गए। एक महसूल (चुंगी कर) लेने वाला व्यक्ति था। प्रभु यीशु उसके घर गया, उसके साथ भोजन किया और वह लेने वाला नहीं किन्तु देने वाला बन गया। शोषण की जगह उदारता ने ले ली। न केवल लोग किन्तु परिस्थितियां भी बदल जाती हैं। एक बार यीशु अतिथि बन कर विवाह भोज में गया। उसने पत्थर के मटकों में पानी भरवाकर प्रार्थना की। पानी दाखरस में बदल गया। यीशु नाईन नगर को गया। वहां उसने एक युवक की अर्थी निकलते देखी। उसकी विधवा माता के आंसुओं पर तरस आया और मृतक युवक को जीवित कर दिया। शव-यात्रा बदल गई जीवन के उत्सव में। जहां दुःख और निराशा का अंधकार था वहां जीवन और आनन्द का प्रकाश छा गया। आज भी ऐसे असंख्य लोग हैं संसार के कोने-कोने में, जो इस बात के गवाह हैं कि कैसे यीशु ने उनके जीवन को प्रभावित किया और बदला है।

**5. यीशु अनोखा हैः उसकी मृत्यु और फिर जी उठने के कारण** – बाइबिल में यीशु की मृत्यु के विषय में अनेक भविष्यवाणियां पाई जाती हैं। स्वयं प्रभु यीशु ने अपने जीवन काल में अपनी मृत्यु और पुनः जीवित हो जाने के संबंध में भविष्यवाणी की थी। जब क्रूस पर प्रभु यीशु की मृत्यु हुई तो बड़ा भूकंप आया। सारी सृष्टि उसकी मृत्यु की पीड़ा के अनुभव से गुज़री। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि स्वयं सृष्टिकर्ता अपनी सृष्टि को बचाने के लिये अपने प्राण न्योछावर कर रहा था। क्रूस की मृत्यु द्वारा यीशु ने सारी मानव जाति के लिये पापों की क़ीमत चुका दी। जो निष्पाप था उसने सारे संसार के पापियों के प्रायश्चित के लिये अपना बलिदान कर दिया। हमारे लिये उद्धार और अनन्त जीवन का मार्ग खोल दिया। मृत्यु अब हमारी नियति नहीं रह गयी। मृत्यु अब हमारा अन्त नहीं किन्तु अनन्त जीवन का द्वार बन गई। यीशु की मृत्यु में मृत्यु की मृत्यु हो गई। मृत्यु पर विजय प्राप्त कर यीशु तीसरे दिन फिर जीवित हो गया फिर कभी न मरने के लिये। दुनिया में ऐसा न कोई हुआ है, न कभी होगा जिसने मौत को सदैव के लिये पराजित कर दिया है।

"क्योंकि मैं जीवित हूं, तुम भी जीवित रहोगे।" — यूहन्ना 14:19

राजू वर्गीस, रायपुर

## स्वर्ग से आया संदेश

यीशु ने कहा "मैं स्वर्ग से उतरा हूँ" (यूहन्ना :6 :38 ) जब यीशु का जन्म हुआ तब स्वर्गदूत स्वर्ग से आये और उन्होंने ये संदेश दिया "वह पुत्र जनेगी और तू उसका नाम यीशु रखना; क्योंकि वह अपने लोगों का उन के पापों से उद्धार करेगा।" (मत्ती 1:21)

## यीशु ने कहा

"परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उस ने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए। परमेश्वर ने अपने पुत्र को जगत में इसलिये नहीं भेजा, कि जगत पर दंड की आज्ञा दे परन्तु इसलिये कि जगत उसके द्वारा उद्धार पाए।"

— **यूहन्ना 3:16-17**

जो उस पर विश्वास करता है, उस पर दंड की आज्ञा नहीं होती, परन्तु जो उस पर विश्वास नहीं करता, वह दोषी ठहर चुका; इसलिये कि उस ने परमेश्वर के एकलौते पुत्र के नाम पर विश्वास नहीं किया। और दंड की आज्ञा का कारण यह है कि ज्योति जगत में आई है, और मनुष्यों ने अन्धकार को ज्योति से अधिक प्रिय जाना क्योंकि उन के काम बुरे थे।

**(यूहन्ना 3:18-19)**

उन्होंने पाप की गंभीरता से अवगत कराया, कोई पाप में बना रहकर पवित्र परमेश्वर से मेलमिलाप नहीं कर सकता, बाइबिल ये सिखाती है पाप ही हमारे सभी दुखो और श्राप का कारण है जब यीशु का जन्म हुआ तब स्वर्गदूत स्वर्ग से आये और उन्होंने ये सन्देश दिया "वह पुत्र जनेगी और तू उसका नाम यीशु रखना; क्योंकि वह अपने लोगों का उन के पापों से उद्धार करेगा।"

**मत्ती 1:21**

पाप की मजदूरी मृत्यु है लेकिन यीशु मनुष्य जाति के लिए वरदान बनकर आये ( रोमी 6 :23)

उसके शिष्य पतरस ने इस प्रकार वर्णित किता : वह आप ही हमारे पापों को अपनी देह पर लिये हुए क्रूस पर चढ़ गया, जिससे हम पापों के लिये मरकर धार्मिकता के लिये जीवन बिताएँ : उसी के मार खाने से तुम चंगे हुए।

**1 पतर. 2:24**

उसके शिष्य यूहन्ना ने इस प्रकार कहा : "और वही हमारे पापों का प्रायश्चित है: और केवल हमारे ही नहीं, वरन सारे जगत के पापों का भी।"

**1 यूहन्ना 2:2**

ADVT




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com